शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 55 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश


www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 21 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## मोदी-पुतिन में यूक्रेन को लेकर हुआ बात

### भारत और रूस के बीच विशेष एवं रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में ठोस प्रयास करने पर सहमत हुए



**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने उन्हें रूस के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुने जाने पर बधाई दी और रूस के मैत्रीपूर्ण लोगों को शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार दोनों नेता आने वाले वर्षों में भारत और रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में ठोस प्रयास करने पर सहमत हुए। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न मुद्दों में प्रगति की भी समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। रूस-यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आगे बढ़ने के रास्ते के रूप में बातचीत और कूटनीति के पक्ष में भारत की निरंतर स्थिति को दोहराया। पीएमओ ने बताया कि दोनों नेता संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट किया, राष्ट्रपति पुतिन से बात की और उन्हें रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुने जाने पर बधाई दी। हम आने वाले वर्षों में भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा और विस्तारित करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए।

## यूक्रेन-रूस युद्ध को लेकर भारत पुराने रूख पर कायम



**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत-यूक्रेन साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, "भारत-यूक्रेन साझेदारी को मजबूत करने पर राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ अच्छी बातचीत हुई। शांति के लिए सभी प्रयासों और चल रहे संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए भारत के निरंतर समर्थन से अवगत कराया। भारत निर्देशित मानवीय सहायता प्रदान करना जारी रखेगा।" आपको बता दें कि इस बीच पिछले रविवार को चुनाव में भारी मतों से विजयी हो कर छह और वर्षों के लिए राष्ट्रपति बने ब्लादिमीर पुतिन से पीएम नरेन्द्र मोदी ने बुधवार (20 मार्च) को टेलीफोन पर बात की।
पीएम मोदी पहले ही दोनों नेताओं के बीच इस बात की सहमति बनी की वह भारत व रूस के विशेष रणनीतिक रिश्ते को और ज्यादा प्रगाढ़ बनाएंगे। साथ ही दोनो नेताओं ने मौजूदा द्विपक्षीय रिश्तों के विभिन्न आयामों की भी समीक्षा की, क्षेत्रीय व वैश्विक हालातों पर भी चर्चा हुई। यूक्रेन-रूस युद्ध पर पीएम मोदी ने भारत के पुराने रूख को दोहराया कि इस विवाद का समाधान कूटनीति व वार्ता से ही हो सकती है।
विदेश मंत्रालय ने बताया है कि पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को चुनाव में विजयी होने पर बधाई दी और रूस की जनता के लिए शांति, प्रगति व संपन्नता की कामना की। दोनों नेताओं के बीच सहमति बनी की रूस व भारत की मौजूदा रिश्तों को और ज्यादा प्रगाढ़ किया जाएगा।

## पुतिन व जेलेंस्की को भरोसा कि मोदी फिर बनेंगे पीएम, दोनों राष्ट्रपतियों ने चुनाव बाद आने का दिया न्योता



**नई दिल्ली**
**रूस और यूक्रेन** के बीच युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा। इनके बीच शांति स्थापित करने की हर कोशिश नाकाम हो रही है, लेकिन दोनों देशों के राष्ट्रपति कम से कम इस बात पर राजी हैं कि भारत में होने वाले आगामी चुनाव में पीएम नरेन्द्र मोदी एक बार फिर विजयी होंगे और वह चुनाव बाद नई सरकार बनाने में सफल होंगे। तभी बुधवार को जब पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और वोलोदिमीर जेलेंस्की से टेलीफोन पर बात की, तो दोनों नेताओं ने मोदी को चुनाव बाद अपने अपने देश की यात्रा पर आने के लिए आमंत्रित किया।
पुतिन इसी रविवार को हुए चुनाव में विजयी हुए हैं और छह वर्षों के लिए फिर से रूस के राष्ट्रपति बने हैं। पीएम मोदी ने एक ही दिन में रूस और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों से बात करके यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वह वैश्विक मंच पर अपनी अलग व स्वतंत्र कूटनीति को लेकर प्रतिबद्ध है। एक तरफ अमेरिका व यूरोपीय देशों के विरोध के बावजूद रूस के साथ संपर्क में हैं, जबकि रूस के विरोध के बावजूद यूक्रेन के साथ संपर्क कायम रखे हुए है और उसे मदद भी भेजता रहा है। राष्ट्रपति पुतिन और पीएम मोदी के बीच इस बात की सहमति बनी की कि वह भारत व रूस के विशेष रणनीतिक रिश्ते को और ज्यादा प्रगाढ़ बनाएंगे।

## आतंकी संगठन आईएसआईएस का भारत प्रमुख अपने सहयोगी के साथ गिरफ्तार

**गुवाहाटी**
**आतंकी संगठन आइएस के** भारत प्रमुख और उसके एक सहयोगी को बुधवार को असम के धुबरी जिले में गिरफ्तार कर लिया गया। ये दोनों आतंकी बांग्लादेश से सीमा पार करने के बाद यहां आए थे। इस संबंध में असम पुलिस के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी प्रणब ज्योति गोस्वामी ने कहा कि एक गुप्त सूचना के बाद एसटीएफ द्वारा इन्हें धर्मशाला क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि बाद में दोनों को गुवाहाटी स्थित एसटीएफ कार्यालय लाया गया। उन्होंने कहा कि दोनों की पहचान हो गई है। जांच में पता चला है कि गिरफ्तार हरीश फारूकी उर्फ हरीश अजमल फारूकी भारत में आइएस का प्रमुख है। वह देहरादून के चकराता का रहने वाला है। उसका सहयोगी अनुराग सिंह मतांतरण कर अब रेहान हो गया है। वह पानीपत का रहने वाला है। इसकी पत्नी बांग्लादेशी नागरिक है। ये दोनों भारत में आइएस के प्रशिक्षित सदस्य हैं। ये दोनों भारत में आइएस के आतंकी एजेंडे को आगे बढ़ा रहे थे। ये आइएस के लिए फंडिंग से लेकर आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की साजिश में शामिल बताए गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ये एनआइए और एटीएस के रडार पर थे। इनके विरुद्ध दिल्ली, लखनऊ सहित अन्य स्थानों पर कई मामले लंबित हैं। उन्होंने कहा कि आगे की कानूनी कार्रवाई करने के लिए आरोपितों को एनआइए को सौंपा जाएगा।

## लोकसभा चुनाव के पहले चरण की 102 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली**
लोकसभा चुनाव के पहले चरण की 102 सीटों के लिए बुधवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले चरण में 21 राज्यों में 19 अप्रैल को मतदान होगा। राष्ट्रपति की ओर से चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख 27 मार्च है। पहले चरण में जिन राज्यों में मतदान होगा उनमें अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, बंगाल, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और पुडुचेरी शामिल हैं।

## 'फास्टर सेल पर आदेशों को देखें जेल अधिकारी: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जेल अधिकारियों द्वारा अपने जमानत आदेशों का पालन नहीं करने पर संज्ञान लिया है और त्वरित अनुपालन के लिए 'फास्टर सेल' के जरिये आदेशों को देखने के लिए जेल अधिकारियों को कई निर्देश जारी किए हैं। फास्ट एंड सिक्योर्ड ट्रांसमिशन ऑफ इलेक्ट्रानिक रिका?ड्र्स (फास्टर) सॉफ्टवेयर को तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश एनवी रमणा ने मार्च, 2022 में लॉन्च किया था ताकि अनुपालन में विलंब से बचने के लिए अदालत के आदेशों का इलेक्ट्रानिक मोड में तेज और सुरक्षित ट्रांसमिशन हो सके।
जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा, इस अदालत द्वारा कई जमानत आदेश जारी किए जा रहे हैं जिनका जेल अधिकारियों को पालन करने की जरूरत है। इस अदालत द्वारा जारी आदेशों पर कार्रवाई करना और उनके मुताबिक संबंधित अदालत में आरोपित की पेशी सुनिश्चित करना जेल अधिकारियों का दायित्व है। शीर्ष अदालत ने अधिवक्ता समरहर सिंह के जरिये दायर विभिन्न अर्जियों पर यह आदेश जारी किया। एक याचिका में कहा गया था कि याचिकाकर्ता लक्ष्मण राम को आपराधिक मामले में पांच फरवरी को जमानत मिलने के बावजूद जेल अधिकारियों ने रिहा नहीं किया।

## 'चयन समिति में न्यायिक सदस्य की मौजूदगी से नहीं आती चुनाव आयोग की स्वतंत्रता'



**नई दिल्ली**
केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि चुनाव आयोग की स्वतंत्रता चयन समिति में न्यायिक सदस्य की मौजूदगी से नहीं आती। इसी तरह वरिष्ठ सरकारी पदाधिकारियों की उपस्थिति चयन समिति को स्वतः पक्षपाती मानने का आधार नहीं हो सकती। सरकार का कहना है कि यह माना जाना चाहिए कि उच्च संवैधानिक पदाधिकारी जनहित में अच्छे इरादे से और निष्पक्षता से काम करते हैं। याचिकाकर्ताओं का यह मानना गलत है कि चयन समिति में न्यायिक सदस्य नहीं होने से पक्षपात होगा। केंद्र सरकार ने यह बात चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर अंतरिम रोक लगाने की मांग का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को दाखिल हलफनामे में कही। सुप्रीम कोर्ट मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और सेवा शर्त कानून 2023 पर रोक लगाने की मांग पर गुरुवार को सुनवाई करेगा। कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने अर्जी दाखिल कर मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर रखे जाने को चुनौती दी है। कहा है कि यह चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के बारे में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन है। गैर सरकारी संगठन एडीआर (एसोसिएशन आफ डेमोक्रेटिक रिफार्म्स) ने भी नए कानून के तहत नियुक्ति करने पर रोक लगाने की मांग की है। अर्जी में कहा है कि मुख्य कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर अंतिम फैसला आने तक नियुक्तियां सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक की जाएं।

## देश की राजनीति पर शिमला से नजर रखेगी प्रियंका



**शिमला**
लोकसभा चुनावों को लेकर चल रहे बैठकों के दौर व राजनीतिक उठापठक के बीच कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा शिमला पहुंच गई है। बुधवार दोपहर को दिल्ली से चंडीगढ़ तक वह हवाई मार्ग से आई।

**सीएम सुक्खू भी रहे मौजूद**
मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी उनके साथ ही मौजूद थे। दोपहर बाद साढ़े तीन बजे चंडीगढ़ से दोनों सड़क मार्ग से शिमला पहुंचे। अगले कुछ दिनों तक प्रियंका वाड्रा देश की राजनीति पर शिमला से ही नजर रखेगी। हिमाचल में चले सियासी घटनाक्रम का पूरा फीडबैक उन्होंने मुख्यमंत्री से लिया। हालांकि प्रियंका का यह निजी दौरा है। सूत्रों की माने तो वे कांग्रेस नेताओं से बात करेगी ताकि यहां पर जो सियासी संकट पैदा हुआ है उसे शांत किया जा सकें।

**पार्टी नेताओं से कर सकती है प्रियंका बातचीत**
प्रियंका वाड्रा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से सियासी घटनाक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा कर पूरा फीडबैक लिया है। प्रदेश में सियासी संकट को सुलझाने के लिए प्रियंका वाड्रा ने दिल्ली में कई नेताओं के साथ बातचीत की है। शिमला पहुंचने के बाद वे पार्टी नेताओं से बातचीत कर सकती है। प्रियंका वाड्रा अगले कुछ दिन शिमला में ही रूकने का कार्यक्रम है। प्रियंका वाड्रा का पहले बीते मंगलवार को शिमला आने का कार्यक्रम था। कांग्रेस वर्किंग कमेटी सहित अन्य बैठकों में व्यस्तता के चलते उनका कार्यक्रम रद्द हो गया था। बीते रोज दिल्ली में आयोजित कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष से पूरा फीडबैक लिया है।

## पीएम आवास के पास खड़ी दिखीं एक ही नंबर प्लेट की दो एसयूवी, हड़कंप



नई दिल्ली
अति सुरक्षित नई दिल्ली जिला के तुगलक रोड इलाके में प्रधानमंत्री आवास से कुछ ही दूरी पर एक ही नंबर प्लेट लगी दो इनोवा क्रिस्टा कार खड़ी दिखने से दिल्ली पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। काफी देर तक दोनों कारें वीवीआईपी इलाके में सड़क पर खड़ी रहीं, लेकिन तुगलक रोड थाना पुलिस की नजर नहीं पड़ी।
एक वीआईपी की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी की नजर पड़ने पर उन्होंने जब इलाके में तैनात एक पुलिसकर्मी को कॉल कर मामले की जानकारी दी, तब जाकर दिल्ली पुलिस व सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आईं। वीवीआईपी इलाके में सुरक्षा चूक का मामला एक बार फिर सामने आने से नई दिल्ली जिला पुलिस पर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना 18 मार्च की शाम की है।

**दोनों वाहनों को किया जब्त**
पुलिस सूत्रों के अनुसार, शाम करीब 6:20 बजे पीसीआर कॉल आने पर तुगलक रोड थाना पुलिस अंततः हरकत में आई और सघन जांच के बाद दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया।
पुलिस ने आईपीसी की धारा 471 (जाली दस्तावेज को असली के रूप में इस्तेमाल करना) और 482 (झूठे संपत्ति चिह्न का इस्तेमाल करना) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस अधिकारी का कहना है कि वाहनों के मालिक की पहचान कर ली गई है।

## अगले 24 घंटे के भीतर उत्तर भारत के कुछ राज्यों में मौसम बदलेगा

**नई दिल्ली**
अगले 24 घंटे के भीतर उत्तर भारत के कुछ राज्यों में तेजी से मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश में 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से न सिर्फ तेज हवाएं चलेंगी। बल्कि जम्मू कश्मीर लद्दाख और हिमाचल प्रदेश समेत उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में बारिश के साथ ओले भी पढ़ सकते हैं। इसके अलावा शनिवार से एक बार फिर से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ गति पकड़ेगा, जिससे इस इलाके में तेज बारिश के साथ आंधी- तूफान की संभावनाए बढ़ रही हैं। मौसम विभाग के मुताबिक इस वक्त पश्चिमी विक्षोभ तेलंगाना में सक्रिय है। इस वजह से तेलंगाना, झारखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में मौसम बदला हुआ है।

## '24 घंटे के भीतर देश भर से हटाए जाए सियासी लाभ के लिए लगाए गए होर्डिंग व बैनर-पोस्टर'




**नई दिल्ली**
चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों की ओर से मतदाताओं को लुभाने के लिए देश भर में लगाए होर्डिंग, बैनर और पोस्टर को चौबीस घंटे के भीतर हटाने के निर्देश दिए है। साथ ही आयोग ने इसके अमल की रिपोर्ट भी 21 मार्च को शाम पांच बजे तक प्रस्तुत करने को कहा है। आयोग ने यह कदम कांग्रेस पार्टी की ओर से इस संबंध में की गई शिकायत के बाद उठाया है।

**चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन**
कांग्रेस पार्टी ने आयोग से की गई शिकायत में चुनिंदा राजनीतिक दलों को ओर से लगाए गए देश के प्रमुख स्थानों पर अपनी उपलब्धियों से जुड़े बैनर, पोस्टर और होर्डिंग लगाए जाने का आरोप लगाया था। साथ ही इसको आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताया था।

**विज्ञापनों को तुरंत हटवाने के निर्देश**
आयोग ने इसके बाद सख्त कदम उठाते हुए कैबिनेट सचिव सहित देश के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर देश भर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, एयरपोर्ट, सरकारी बसों, टेलीफोन व बिजली के खंभों और सरकारी भवनों आदि जगहों पर लगे राजनीतिक जुड़ाव से जुड़े विज्ञापनों को तुरंत हटवाने के निर्देश दिए है। आयोग ने इस दौरान जगह-जगह दीवारों पर लिखे गए नारों आदि को भी हटाने के निर्देश दिए है।

**आयोग ने कार्रवाई के दिए निर्देश**
चुनाव आयोग ने इस बीच केंद्रीय मंत्री और भाजपा की बेंगलुरू उत्तर से प्रत्याशी शोभा कारनदराजे की ओर से की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।
आयोग ने यह निर्देश डीएमके की ओर से की गई शिकायत के बाद दिया है। जिसमें केंद्रीय मंत्री की ओर से तमिलनाडु के लोगों की भावना को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया था। हालांकि इस पूरे विवाद के तूल पकड़ने के बाद शोभा कारनदराजे ने माफी भी मांग ली है।

# कलयुगी बुआ की बर्बर पिटाई से दो मासूमों की इलाज के दौरान हुई मौत

**मृतक मासूमों के दादा शिवशंकर की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी महिला को किया गिरफ्तार, कई वर्षों से विक्षिप्त आरोपी महिला पूजा की कौशांबी के चावलपर गांव में हुई थी शादी ससुराल वालों के छोड़ने पर भाई के साथ मायके में रह रही थी**

अखंड भारत संदेश







**मेजा।** कथित एक कलयुगी बुआ द्वारा अपने ही भाई के दो मासूम बच्चों की बर्बरता पूर्वक की गई पिटाई से घायल मासूमों की इलाज के दौरान मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। भाभी और ननद के बीच हुए खाने के विवाद को लेकर हुई इस सन सनी खेज एवं दर्दनाक वारदात से जहां इलाके में सन्नाटा पसर गया है वहीं परिजनों में भारी कोहराम मचा हुआ है। मामले की सूचना मिलते ही मेजा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों मासूमों का शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा दिया है। घटना मेजा थाना क्षेत्र के हरगढ़ गांव का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के हरगढ़ गांव निवासी संजय पुत्र शंकर भारतीया की पत्नी पार्वती भारतीया और उसकी बहन पूजा ( 35 ) के मध्य बीते मंगलवार को देर रात खाना को लेकर झगड़ा हुआ था जिस पर पूजा ने अपने दोनों भतीजों क्रमशः लकी पांच वर्ष व अभी तीन वर्ष को लकड़ी की पटरी से पीट पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलावस्था में परिजनों ने दोनों मासूमों को इलाज हेतु प्रयागराज अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान दोनों मासूम बच्चों की मौत हो गई। परिजन मृतक बच्चों को लेकर वापस घर आये और वारदात की सूचना मेजा पुलिस को दिया। थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय ने घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को देते हुए मय फोर्स तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और दोनों मासूमों के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। गौरतलब है कि इलाके में हुई दो मासूम बच्चों की हत्या की सूचना पर डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेन्द्र और एडीसीपी अभिजीत कुमार भी मौके वारदात पर पहुंचकर रोते बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाते हुए आरोपी महिला के विरूद्ध कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। बता दें कि बच्चों का पिता संजय भारतीय वर्तमान में मुंबई गया हुआ है। घटना की जानकारी जैसे ही उसे मिली उसके पैरों तले जमीन खिसक गई और आनन फानन में घर वापस आ रहा है। परिजन उसके आने का बेसबरी से इंतजार कर रहे हैं।बताया जाता है कि संजय भारतीया की बहन पूजा की शादी आठ वर्ष पूर्व कौशांबी जिले के चावलपुर गांव में हुई थी। शादी के बाद पूजा केवल एक माह तक ससुराल में रही है। वह बीते कई वर्षों से मानसिक रूप से विक्षिप्त थी जिसके कारण ससुराल वाले उसे छोड़ दिए थे। हालाकि इस हृदय विदारक घटना में मृतक मासूमों के दादा शिवशंकर भारतीया की तहरीर पर मेजा पुलिस ने आरोपी महिला के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी मेजा से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि आरोपी महिला पूजा भारतीया को गिरफ्तार कर लिया गया है और अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। फिलहाल घटना पूरी तरह से आहत माता पार्वती एवं अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## घास काटने जारही युवती से दुराचार का प्रयास, दर्ज हुआ मुकदमा

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के एक गांव निवासिनी एक युवती अपने सहेली संग घास काटने जारही थी उसी समय एक युवक पकड़ कर युवती के साथ अश्लील हरकतें करने लगा युवती के शोर मचाने पर यूवक भाग गया।दोनों पक्षो में पंचायत हुई मामला न हल होने पर युवती के तहरीर पर पुलिस यूवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी यूवक की तलाश में जुट गई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक युवती का आरोप है कि वह पडोस की सहेली के साथ घास काटने जा रही थी। बताया गया है एक युवक उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा आरोप है कि उक्त युवक युवती को गेंहू के खेत में पटक कर दुष्कर्म की कोशिश की। शोर मचाने पर युवक फरार हो गया।युवती अपने सहेली के साथ घर आयी और परिजनों को आप बीती बताई। थाने में सूचना देने पर मौके पुलिस पहुंच कर जांच पड़ताल की। बताया गया है कि मंगलवार को देर रात तक दोनों पक्षों में समझौता की बात चलती रही। आरोप है कि युवती के न मानने पर उसकी तहरीर पर महरौंडा निवासी मोहम्मद अनवर पुत्र मोहम्मद मुस्लिम के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में लग गई है।

### चोरी की मोटर साइकिल के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल

**मांडा।** थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने पुलिस टीम के सहयोग से बुधवार दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे मांडा क्षेत्र अंतर्गत भरारी मोड़ से चोरी की एक अदद मोटर साइकिल के साथ मीरजापुर जनपद विंध्याचल थानांतर्गत जासा बघौरा गांव निवासी राजेश प्रसाद पुत्र राम लाल को गिरफ्तार कर लिया और मांडा थाने लाकर अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया।

### शांतिभंग में दो लोगों का चालान

**मांडा।** जमीनी विवाद को लेकर मार पीट,गाली गलौज की सूचना पर मांडा पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को थाने लाया और शांतिभंग में चालान कर दिया है। बुधवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज, मार पीट होने की सूचना पर मांडा पुलिस ने भींस गांव निवासी गोपी नाथ व राकेश कुमार को मांडा थाने लाकर शांतिभंग में दोनों पक्षों से एक- एक लोगों का चालान कर दिया है।

# भाजपा मंडल कार्यसमिति की हुई समीक्षा बैठक, बनी चुनावी रणनीति

अखंड भारत संदेश

**लोकसभा चुनाव प्रभारी मनोज जायसवाल ने अबकी बार 4 सौ के पार मंत्र से कार्यकताओं में भरा जोश**




**मेजा।** लोक सभा चुनाव की रणनीति तैयार करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा कोरांव विधानसभा के कोहड़ार मण्डल की कामकाजी बैठक हुई। बैठक के मुख्य अतिथि लोक सभा चुनाव प्रभारी मनोज जायसवाल ने कार्यकताओं से चुनाव में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग से पिछले दस वर्षो में देश व प्रदेश में विकास और विश्वास के नए कीर्तिमान बने हैं। यमुनापार आगे बढ़ा है। उन्होंने लाभार्थी संपर्क अभियान, बूथ स्तर पर बैठक और टिफिन चर्चा की रणनीति बनाई। लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल ने बैठक में उपस्थित मंडल स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता से 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि देश में एक बार फिर भाजपा की सरकार व नरेन्द्र मोदी पुनः प्रधानमंत्री बने इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को गांव गांव लोगों के घरों में जाकर केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार द्वारा किए विकास कार्यों पर चर्चा करें। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोविंद मिश्र और संचालन महामंत्री राजू दुबे ने किया। इस मौके पर राकेश पांडेय, शिवशरण सिंह, अनुराग पांडेय, हरिश्चंद्र दुबे, अश्विनी जैन, राम बहादुर सिंह, शशिकांत तिवारी, अनूप मिश्र, महेश सोनी, योगेश जायसवाल,अमरेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

# साड़ी के फंदे पर लटकता मिला विवाहिता का शव

अखंड भारत संदेश



**कोरांव।** कोरांव थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव में कमरे में साड़ी के फंदे के सहारे लटकता मिला विवाहिता का शव मिला सूचना पर मौके पर पहुँचे मायके पक्ष के लोगों ने हंगामा किया मौके पर पहुंचे एसीपी मेजा रवि गुप्ता ने स्थानीय पुलिस के साथ समझा बुझा कर शान्त कराया मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को लगभग तीन बजे पडरिया गांव के एक कमरे में साड़ी के फंदे के सहारे लटकता मिला शव मृतिका विनिता देवी उम्र 25 वर्ष पत्नी पंकज यादव ने अपने कमरे मे छत मे लगे कुण्डे से चुन्नी से गले मे फासी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतिका का पति पंकज यादव बॉम्बे मे ऑटो चलाता है। घर पर मृतिका की सास रन्नो देवी , ननद प्रियान्सी सास महाराजी देवी मौजूद थी दोनो पक्षो की मौजूदगी में दरबाजा तोडकर शव को कब्जे मे लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बेघर होने की आशंका के चलते बच्चों के साथ महिलाओं ने निकाला शांति मार्च




**फूलपुर।** प्रयागराज - जौनपुर राजमार्ग के चौड़ीकरण की जद में आ रहे मकानों के टूटने से बेघर होने के कगार पर खड़े परिवारों ने बुधवार को शांति मार्च निकालकर अपना विरोध प्रकट किया। फूलपुर तहसील क्षेत्र के बाबूगंज, वीरकाजी, पूरेभुलई, खोजापुर, सराय अब्दुल मलिक गांव के सामने सड़क किनारे बने मकानों को बचाने के लिए घर की महिलाएं एवं बच्चों ने हमें बेघर न करें लिखे बैनर लेकर सड़क पर शांति मार्च निकाला और सरकार से संवेदशीलता बरतने का अनुरोध किया। बता दें की एनएचएआई के अधिकारियों ने एक सप्ताह पूर्व सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे मकानों को चिन्हित किया था।जिस पर मकान मालिकों ने अधिकारियों पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए जनप्रतिनिधियों से न्याय की गुहार लगाई थी। सड़क चौड़ीकरण के बाद बेघर होने की आशंका के चलते पीड़ित परिवारों ने बताया की अधिकारियों की मनमानी के चलते एक बहुत बड़ा तबका बेघर होने की कगार पर है। शांति मार्च मार्च में सुनीता गुप्ता,संगीता मौर्य,सिंपल गुप्ता,अमृता गुप्ता,पूजा पटेल, सबाना बनो,आशा यादव,गीता गुप्ता,कल्पना केसरवानी,सलमा बेगम,परवीन बेगम,सुधा सिंह,आरती वर्मा, प्रिया चावला,गीता गुप्ता, शांति गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में बच्चे व महिलाएं शामिल रहीं।

# शील्ड और मेडल देकर किया गया सम्मानित





**वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल के बच्चों को बांटा गया पुरस्कार**

**शंकरगढ़।** न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कार ,शील्ड, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को पुरस्कार देते हुए पूर्व प्रधान अकौरिया राज करन सिंह ने कहा कि बच्चे कच्चे मिट्टी के घड़े के समान होते हैं । हम जैसा उन्हें बनाना चाहें वे बन जायेंगे।शिक्षा के मंदिर में उन्हें भविष्य में आने वाली चुनौतियों से सामना करने के लिए तैयार किया जाता है। उन्होंने विद्यालय के खेल कूद समिति की प्रशंसा करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समाजसेवी प्रदीप सिंह ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। इन्हे शिक्षित करने और इनका शारीरिक और मानसिक विकास करने का जो काम न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल कर रहा है वह काबिलेतरीफ है। शंकरगढ़ के प्रतिष्ठित व्यापारी अनीस केसरवानी ने बच्चों को शील्ड और मेडल देकर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने बच्चों से अपना, अपने परिवार का तथा अपने देश का नाम रोशन करने की अपील की। विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्रा ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने तथा अपने कैरियर के प्रति गंभीर रहकर मेहनत करने का संदेश दिया । कार्यक्रम में एंजल गुप्ता, कार्तिकेय यादव ,आयुषी सिंह, सिमर, अपूर्व निगम, कृष तिवारी, आयुष्यमान , आंचल, शिवानी, साहस कुमार आदि छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनुज मिश्रा, इंद्रजीत मिश्रा ,सत्येंद्र द्विवेदी, रवि सिंह, निकेता पांडे, राहुल राव, सुशांत, सोनम सिंह, अर्चना , प्रह्लाद तिवारी आदि शिक्षक शिक्षिका तथा छात्र छात्रा मौजूद रहे।

# शैक्षिक भ्रमण में परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने की भविष्य की तलाश

**भ्रमण का मतलब घूमना नहीं बल्कि ज्ञान अर्जित करना है : कैलाश सिंह**



**मेजा।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत उरुवा ब्लॉक के परिषदीय बच्चों का एक्सपोजर विजिट शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा / मेजा कैलाश सिंह व उरुवा एआरपी विज्ञान सुनील शुक्ला ने बीआरसी उरुवा में हरी झंडी दिखाकर ब्लॉक की दोंनो बसों को रवाना किया। शैक्षिक भ्रमण में ब्लॉक के सभी उच्च प्राथमिक एवं संविलियन विद्यालयों व केजीवीपी के तीन-तीन बच्चें भ्रमण में शामिल थे। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षिक भ्रमण सिर्फ घूमने टहलने के लिए नहीं,बल्कि ज्ञान विज्ञान के अनुभव को अपने अंदर समेटना होता है। विकास खंड उरुवा व मेजा के बच्चों ने शैक्षिक भ्रमण के दौरान मेजा ऊर्जा निगम लिमिटेड, एनटीपीसी मेजा में इंजीनियर द्वारा बच्चों को थर्मल पावर प्लांट दिखाया गया और विद्युत निर्माण की प्रकिया को समझाया गया। वहीं बीआरसी मेजा में खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह ने मेजा ब्लॉक के प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी के साथ दोंनो बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम के तहत उरुवा ब्लाक के 100 बच्चों को दो अलग-अलग बसों में तथा मेजा ब्लॉक के 100 बच्चों को दो अलग बसों में लेकर प्रयागराज के विभिन्न स्थानों जैसे शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क व इलाहाबाद संग्रहालय एवं आनंद भवन दिखाया गया। बच्चों को इलाहाबाद संग्रहालय में पुरातात्विक वस्तुएं एवं शहीद चंद्रशेखर आजाद की पिस्टल देखकर बच्चे रोमांचित हो गए। भ्रमण में शामिल सभी बच्चे शैक्षिक भ्रमण को लेकर अत्यंत उत्साहित दिखे और भरपूर लुफ्त उठाया। सभी बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा एक-एक कैप एवं बैग उपलब्ध कराया गया था,जिसमें लंच पैकेट के साथ स्नैक्स और पानी की बोतल आदि उपलब्ध कराया गया था। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ उरुवा ब्लाक के प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद शुक्ला, एआरपी राजेश मिश्रा, प्रीतम दास व विमलेश यादव तथा रोहित त्रिपाठी, मुकेश शुक्ला, आरती यादव, नीता विश्वकर्मा, सविता जैसल, सुमन यादव, निशी, इंदु मौजूद रहें।

## न्यूज झरोखा

### कोरांव में निकाली गई मतदाता जागरूकता की रैली



**कोरांव।** बुधवार को गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं द्वारा गोपाल विद्यालय से कोराव बाजार तक मतदाता जागरूकता की रैली निकाली गई। मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं अपने कीमती मत का सही उपयोग करने, खुद मतदान करें व दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें, के उद्देश्य से यह रैली निकाली गई थी। जिसमें पहले मतदान करें फिर जलपान करें। उम्र 18 पूरी है तो मतदान जरूरी है। जो जागरूक मतदाता है वह भारत भाग्य विधाता है। आदि नारे लगाए गए तथा भय, जाति, धर्म या प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मोहम्मद साबिर अली, प्रवक्ता राकेश कुमार सिंह, कमलेश कुमार मीणा, अजय श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, विपिन उपाध्याय, रोहित तिवारी, आशुतोष सिंह, सुरेंद्र तिवारी, अखिलेश पांडेय, रामबाबू और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति अजीत प्रताप सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### सुख शांति चाहिए, तो भाजपा हटाइए : नरेन्द्र सिंह

**क्षेत्र के कई कार्यक्रमों मे शामिल हुए सपा सचिव ने जाना लोगों का हाल**



**करछना।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता एवं प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह बुधवार को करछना छेत्र मे भगनपुर , वीरपुर, घोड़ेडीह, मुंगारी सहित कई गांवों मे जन पंचायत कार्यक्रमों मे शामिल हुए और लोगों से चर्चा करते हुए उनका हाल समाचार जाना। लोगों से बातचीत करते हुए नरेन्द्र सिंह ने कहा कि यदि सुख और शांति चाहिए तो हर हाल मे भाजपा को हटाइए। उन्होंने कहा कि आज गांव गिरांव का आदमी मंहगाई की मार से, और जवान हुआ उसका बेटा बेरोजगारी की तकरार से आहत और तनावग्रस्त हो चुके हैं। लेकिन सरकार इन सभी समस्याओं से बेपरवाह बनी हुई है सरकार का सर्वे केवल और केवल सरकार बनाने और बिगाड़ने तक सीमित है। नरेन्द्र सिंह ने यह भी कहा कि सरकार बदले बिना सुख शांति मिलने वाली नही है। नरेन्द्र सिंह के साथ कल्लू यादव, राजू सिंह, अरूण पटेल, राकेश गिरी सहित कई लोग रहे।

### 15 ली0 अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार

**माण्डा।** मांडा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरखधंधा करने वालों को मुखबिर की सूचना पर एसआई रमेश कुमार सिंह, विजय बहादुर यादव व योगेन्द्र नाथ उपाध्याय मय मांडा पुलिस टीम द्वारा पियरी नहर पुलिया से सुबह सवा ग्यारह बजे पियरी गांव निवासी पिंटू सोनकर पुत्र सूर्य बली के कब्जे 15 ली0 अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर आबाकारी अधिनियम की कार्यवाई कर न्यायालय भेज दिया गया । इसी क्रम में मांडा एसआई कृष्णानन्द राय ने पुलिस टीम द्वारा 19 मार्च को सब्जी वाली झुग्गी के पास गिरधरपुर तिराहा से शाम लगभग साढ़े सात बजे गिरधरपुर निवासी बसन्त लाल पुत्र पन्ना लाल सोनकर के कब्जे से दस लीटर अवैध देशी शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम की कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया है। वही मांडा थानांतर्गत गिरधरपुर का रहने वाला सोनू सोनकर की वर्ष 2017 में हत्या पर षणयंत्र के तहत सैकड़ो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमे उक्त अभियुक्त का नाम शामिल हैं।

# माता-पिता की सेवा में ही निहित है सच्चा धर्म : जिज्ञासु जी महाराज

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** श्रीराम कथा महोत्सव के अंतर्गत हेतापट्टी गांव में नौ दिवसीय चल रही संगीतमय श्री रघुनाथ गाथा के सातवें दिन कथा व्यास श्री राम हृदय दास जिज्ञास जी महाराज के अमृतमयी वाणी द्वारा राम राज्याभिषेक एवं राम वन गमन तथा भरत चरित्र की सुंदर प्रसंग सुनते श्रद्धालु श्रोता भक्त नर नारी भावविभोर हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि जैसे ही चक्रवर्ती सम्राट दशरथ ने गुरु वशिष्ठ से राम का राज्याभिषेक की तिथि निश्चित किया वैसे ही महारानी कैकेई की दासी मंथरा ने रानी कैकेई को दिग्भ्रमित कर दिया और राजा दशरथ से दो वरदान की याद दिलाते हुए भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास एवं कुमार भरत को राजगद्दी मांग लिया। जिसको सुनते ही महाराज दशरथ अपना होशो हवाश खोते करुण क्रंदन करने लगे। कथा व्यास ने उपस्थित महिला श्रोताओं से कहा कि अपने घर परिवार को टूटने बिखरने से बचा लो किसी भी मंथरा के बहकावे में मत पड़ो श्रेष्ठ जनो की सुनो और जानो परिवार को एक सूत्र में बांधकर चलो। उन्होंने कथा प्रसंग को श्रवण कराते हुए बताया कि वह बेटा बड़भागी है जो अपने माता-पिता की सेवा करे, उनके आदेश को शिरोधार्य करे, राम जैसा बेटा बनकर अपने कुल का नाम रोशन करे। कथा व्यास ने नौजवानों को संदेश देते हुए कहा कि बेटा मां से कभी उरिण नहीं हो सकता। मां मां होती है, माता-पिता की सेवा में ही सच्चा धर्म और भक्ति निहित है। माता-पिता की डांट फटकार में भी उसका प्रेम और आशीर्वाद झलकता है। कथा व्यास ने कहा रामचरितमानस हमें अच्छे जीवन जीने की कला एवं संस्कार सिखाती है सो इस ग्रंथ को पढ़िए समझिए और जीवन को संवारते हुए मन को प्रभु भक्ति में लगाकर अपने जीवन को धन्य करें। कथा विश्राम पर आयोजक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रभान सिंह, मुख्य यजमान श्रीमती अवधराजी देवी आदि भक्त श्रोताओं ने व्यासपीठ, भगवान राम व आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। इस मौके पर बृजभान सिंह, रतन सिंह, विनय सिंह, विपिन सिंह, अध्यक्ष भूमि विकास बैंक फूलपुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह, जय प्रकाश दुबे, कृष्ण बल्लभ दुबे, कृष्णाकांत पुरी, वीरू पांडे, सुरेश तिवारी, तेज प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में कथा रसिक श्रोता नर नारी कथा का रसपान करते उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा



**धनूपुर।** देवबरा धाम, पिपरी में मुख्य यजमान डॉ रविंद्र नाथ पांडेय, प्रेमा पांडेय द्वारा आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत महापुराण कथा सप्ताह में बुधवार को कथा वाचक राघवेंद्राचार्य महाराज ने संगीतमयी कथा को आगे बढ़ाते गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्री राम अवतार व श्री कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग का वर्णन कर श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा प्रसंग में श्रीराम अवतार के साथ संक्षिप्त में राम कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि भगवान कभी जन्म नहीं लेते, अवतार धारण करते हैं, प्रकट होते हैं और प्रकट वहीं होते हैं जो पहले से विद्यमान हों भगवान तो कण कण में मौजूद रहते हैं। भगवान श्री कृष्ण व मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का धरा आगमन सच्चे अर्थों में मानवता की स्थापना के लिए हुआ था।इस अवसर पर महाराज ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की बड़ी ही मनोरम कथा का बखान किया। टोकरी में भगवान श्री कृष्ण की झांकी एवं जन्मोत्सव देखकर कथा स्थल नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों गूंजायमान हो गया श्रद्धालु जमकर झूमें और फूलों की वर्षा किया अंत में आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर इस अवसर पर डॉ मनोज कुमार पांडेय, डॉ अनुज कुमार पांडेय, विदित पांडेय, वेदांश पांडेय, धान्वी पांडेय, विजयमणि पांडेय, राधेमोहन पांडेय, विकास पांडेय, सभाजीत उपाध्याय, सौरभ पांडेय प्रधान, राकेश पांडेय, लल्लन पांडेय, जोखन उपाध्याय, कमलेश पांडेय, महेंद्र उपाध्याय, सुभाष नारायण तिवारी, सतेंद्र पांडेय, कपिल देव तिवारी, मून्नू तिवारी, मुनीम पांडेय, देवेंद्र उपाध्याय, अशोक उपाध्याय, लालमणि पांडेय, विवेकानंद उपाध्याय, आदित्यनाथ पांडेय, सुरेंद्र उपाध्याय रामशिरोमणि उपाध्याय एवं आचार्य रविराज महाराज, शैलेश पंडित, संदीप सुहाना, अजय सुहाना, मनीष शास्त्री छोटू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# दंपती को घर में बंद कर जिंदा जलाने के मामले में सात गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज में विवाहिता की मौत के बाद आक्रोशित मायके वालों द्वारा सास-ससुर समेत चार लोगों को घर में बंद कर जिंदा जलाने के मामले में सात लोगों को मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। मुट्ठीगंज थाने में मंगाई गई प्रिजनर वैन में बैठाकर सभी को मेडिकल के लिए अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद नैनी केंद्रीय कारागार में सभी को निरुद्ध कर दिया गया। इस मामले में आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने पूछताछ के लिए दर्जनभर लोगों को हिरासत में लिया था। पूछताछ के बाद प्रथम द्दष्टया जिन लोगों की भूमिका सामने आई उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मुट्ठीगंज के सत्तीचौरा मोड़ के पास सोमवार की देर रात घर के भीतर चार लोगों को बंद कर आग लगा दी गई थी। इसमें टिंबर व्यवसायी राजेंद्र केशरवानी (65) व उनकी पत्नी शोभा देवी (60) जिंदा जल गए। बेटी शिवानी (24) और भयाहू लवली (30) भी झुलस गईं। लवली को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों की तहरीर पर व्यवसायी की बहू के मायके पक्ष के 10 नामजद समेत 82 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में पुलिस ने 12 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। पिता-पुत्र सरदारी लाल और उसके बेटे अंशू समेत मायके पक्ष के सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया।



### दुस्साहसिक वारदात से दहल गए थे लोग

सोमवार को टिंबर व्यवसायी की बहू अंशिका केशरवानी (26) की खुदकुशी के बाद दुस्साहसिक वारदात हुई थी। टिंबर व्यवसायी व उनकी पत्नी बेटी समेत चार लोगों को घर के भीतर बंद कर आग लगा दी गई थी। रात 11 बजे के करीब हुई इस घटना में देर रात तक राहत कार्य चलता रहा। आग बुझाने के बाद भोर में तीन बजे के करीब पुलिसकर्मियों को तलाशी के दौरान घर के भीतर व्यवसायी पत्नी समेत झुलसे मृत पड़े मिले।

## किन्नर का घर फूंकने के आरोपियों की जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुर्गा बनाने के लिए नमक न देने पर किन्नर के घर आग लगाने के तीन आरोपियों की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल ने रामबाबू उर्फ रामबाबू व अन्य की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर अधिवक्ता सौरभ चतुर्वेदी को सुनकर दिया। मामला भदोही जिले के गोपीगंज थाना क्षेत्र का है। ककराही नई बस्ती में रहने वाली बसंती किन्नर ने मोहल्ले के हलचल उर्फ उमेश, शनि, मुकेश कुमार, रामबाबू और पती के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी।आरोप लगाया कि 25 जनवरी को उसके घर के बाहर मुर्गा पका रहे हलचल को उसने नमक देने से इन्कार कर दिया था। नमक न देने पर चारों आरोपियों ने उसके घर में आग लगा दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अधिवक्ता संतोष सिंह बघेल ने बताया कि तीनों आरोपियों की जमानत भदोही की जिला अदालत ने खारिज कर दी थी। इसके खिलाफ आरोपियों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# कोर्ट में पेश की गई आडियो-वीडियो की पेन ड्राइव, गवाह रवींद्र पुरी से कराई शिनाख्त

### महंत नरेंद्र गिरि केस :



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिला अदालत में बाघंबरी मठ के महंत नरेंद्र गिरि की आत्महत्या मामले में मंगलवार को अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी गवाही के लिए पेश हुए। इस दौरान अभियोजन की ओर से आत्महत्या से पहले नरेंद्र गिरि और आनंद गिरि के बीच हुई बातचीत का ऑडियो और वीडियो की पेन ड्राइव पेश की गई। इसकी रवींद्र पुरी से शिनाख्त कराई गई। इस मामले की अगली सुनवाई 26 अप्रैल को होगी।मामले की सुनवाई अपर जिला एवम सत्र न्यायाधीश आरपीएस राणा की अदालत कर रही हैं। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि अभियोजन की ओर से एडीजीसी भानु प्रताप और हरिनारायण शुक्ला के अलावा सीबीआई के विशेष अधिवक्ता ने मंगलवार को नरेंद्र गिरि और आरोपी आनंद गिरि के बीच हुई बातचीत की पेन ड्राइव अदालत में पेश की। इसकी शिनाख्त गवाही के लिए पेश हुए रवींद्र पुरी से कराई गई।महंत नरेंद्र गिरि की आत्महत्या मामले में उनके शिष्य आनंद गिरि समेत तीन लोग जेल में बंद हैं। इस मामले की जांच सीबीआई ने की थी। जांच के बाद आनंद गिरि, आद्या तिवारी और संदीप तिवारी पर नरेंद्र गिरि को ब्लैक मेलकर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप है। सीबीआई की ओर से दाखिल की आरोप पत्र पर मामले का विचारण शुरू हो चुका है।अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी की गवाही चल रही है। मंगलवार को गवाही के दौरान पेश की गई पेन ड्राइव की ऑडियो एयर वीडियो अदालत में चलाई गई। महंत नरेंद्र गिरि की बाघंबरी मठ परिसर के अतिथि कक्ष में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस के पहुंचने पर कक्ष में पंखे लटकता फंदा और फर्श पर शव पाया गया था।

# दो पक्षों में हुआ जमकर बवाल मौके पर पहुंची पुलिस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** थाना सिविल लाइन्स इंदिराभवन बाजार में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस,सिविल लाइन्स इंदिराभवन बाजार की शॉप नम्बर जी 28 ग्राउंड फ्लोर ज्ञान मोबाइल शॉप दुकानदार के दुकान मे घुसकर दर्जनों अज्ञात लड़कों ने की तोड़फोड़। जानकारी के अनुसार कृष्णा मिश्रा नामक युवक जो मोतिसिनगंज प्रयागराज का रहने वाला है युवक कक्षा 8 का छात्र है वह ज्वाला देवी इंटर कॉलेज में पड़ता है। ज्ञान मोबाइल शॉप में उसका परिचय था जहां वह परिचय होने के कारण आता जाता था। बुधवार को अचानक दर्जनों लड़के आए कृष्णा मिश्रा को मारने पीटने लगे किसी तरह वह जान बचाकर ज्ञान मोबाइल शॉप के अंदर भागा। अज्ञात लोगो ने ज्ञान मोबाइल शॉप के अंदर घुसकर युवक से मारपीट करने लगे और दुकान मे तोड़फोड़ कर दिया। पीड़ित कृष्णा मिश्रा ने बताया कि हमारे स्कूल के लड़कों के कहने पर यह लोग मुझसे पैसे वसूलने आए थे पैसे नहीं देने पर मारपीट करने लगे मैं उनलोगो को जानता भी नहीं हूँ ये लोग कौन है जबरदस्ती मुझसे गुंडा टैक्स वसूल रहे हैं। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस तीन लड़कों को हिरासत में ले लिया लड़के अशोक नगर के रहने वाले एक लड़के का नाम अमर है दो अज्ञात बाकी सब फरार हो गए पुलिस जांच कर रही है। खबर लिखें जाने तक इंस्पेक्टर सिविल लाइन्स का फोन नहीं उठा जिससे अधिक जानकारी लड़को के बारे मे नहीं मिल पाई, चौकी प्रभारी अभय चन्द का कहना है आगामी चुनाव के कारण अफरा तफरी व्यस्तथा ज्यादा है हालांकि लड़को को हिरासत ले लिया गया है थाने में बैठाया गया है जानकारी पूरी प्राप्त कर अवगत कराया जाएगा।




# नवनिर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

## शिक्षा व शेरनी का दूध है जो पियेगा वही गुर्राएगा : देवेंद्र मिश्र नगरहा

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** अधिवक्ता संघ/ बार एसोसिएशन सोराव के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को सोरांव तहसील परिसर में बड़े ही अच्छे तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक चला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशरी देवी पटेल सांसद फूलपुर सहित जितने भी जन प्रतिनिधि कार्यक्रम में भाग लिए थे सभी लोगों ने आचार चुनाव संहिता को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने संबोधन में केवल अधिवक्ता हित की बाते को जोर शोर से रखा। वहीं सोरांव विधायक गीता शास्त्री ने अपने संबोधन में कहीं कि बिना अधिवक्ता के न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती। हर पीड़ित व्यक्ति अधिवक्ता के पास न्याय की उम्मीद लेकर आता है। जिसको अधिवक्ता बड़े ही अच्छे तरीके से न्याय दिलाने की कोशिश करता है। वही राज्य विधिक परिषद के सदस्य देवेंद्र मिश्र नगरहा ने कहा कि अधिवक्ता की कोई जाति नहीं होती है। वह सभी धर्मो और जातियों से परे होता है। अधिवक्ता का सिर्फ एक ही धर्म है कि वह अपने क्लाइंट को ईमानदारी और सत्य निष्ठा से न्याय दिलाए। इतना ही नहीं नगरहा ने कहा कि अधिवक्ता के सम्मान में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए यदि कोई अधिवक्ता पीड़ित है तो हम सभी अधिवक्ताओं का कर्तव्य है कि उसको हर संभव मदद की जाए। सभी नव निर्वाचित कार्यकारणी को शपथ ग्रहण बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य देवेंद्र मिश्र नगरहा की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम बड़े ही बढ़िया तरीके से शाम चार बजे संपन्न किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महामंत्री राजेश कुमार मिश्रा ने किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष कमलाकांत मिश्रा व महामंत्री रमेश कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि तहसील में बार और बेंच की सामंजस्य के साथ सभी न्यायालय समय से खुलेंगे और सभी पीड़ित को समय से न्याय दिलाने की पूरी कोशिश करूंगा। इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकारणी के सदस्य राजेश यादव, संयुक्त मंत्री प्रशासन प्रदीप कुमार केशरवानी, मनोज यादव, पूर्व मंत्री अच्युतानंद मिश्र, पूर्व अध्यक्ष भाई लाल पटेल, पूर्व अध्यक्ष राम सजीवन गौतम, पूर्व अध्यक्ष राम चंद्र यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता बच्चू लाल गौतम, आशीष गौतम, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश खत्री, वरिष्ठ अधिवक्ता शंकर लाल, वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य बाल गोविंद यादव, पूर्व संयुक्त मंत्री रण विजय यादव,वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम बहादुर सिंह, अधिवक्ता मोहम्मद जावेद, अधिवक्ता कमलेश कुमार सरोज, अधिवक्ता प्रवीण कुमार मिश्रा, अधिवक्ता अजीत मिश्रा, अधिवक्ता राजेश कुमार, सोरांव विधायक गीता पासी, फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, शासकीय अधिवक्ता हाई कोर्ट अरविंद मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा, दिनेश चंद्र पांडे संग सैकड़ो अधिवक्ता गण मौजूद रहे।









# प्रेप ग्रेड समारोह के आयोजन के साथ बच्चों को दी गई स्कॉलर ट्राफी

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी दिल्ली पब्लिक स्कूल में बुधवार को प्रेप ग्रेड समारोह पूर्ण जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए स्कॉलर ट्रॉफी भी प्रदान की गई। नन्हें-मुन्ने बच्चों को डिग्री प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि आई.ए.एस चंद्र मोहन गर्ग, नगर जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, नूपुर चहल, विशिष्ट अतिथि डॉ वंदना बंसल, न्यायाधीश शशि कांत गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप कुमार, अन्नपूर्णा गुप्ता, इंद्र मोहन बाली एवं कोमल बाली के द्वारा दीप प्रज्वलन की परंपरा का निर्वहन स्वागत गान के साथ विद्यालय की अध्यक्षा सोनू सिंह, प्राचार्या डॉ सुजाता सिंह, शिक्षकगण, अभिभावकगण, विद्यार्थीगण एवं अन्य अतिथिगण की उपस्थिति में किया गया। गीत- संगीत की मधुर ध्वनि ने संपूर्ण वातावरण को खुशियों से भर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ सुजाता सिंह ने सबका हार्दिक स्वागत करते हुए अपने प्रेरणास्पद वक्तव्य द्वारा स्कॉलर ट्रॉफी पाने वाले बच्चों का उत्साह वर्धन किया और विद्यालय के अन्य बच्चों को भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ने भी विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए लगन और उत्साह के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मेधावी विद्यार्थियों के हाथों की ट्रॉफी अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी। अंत में राष्ट्र-गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# आरएएफ सेक्टर का परम्परागत तरीके से किया गया स्वागत



अखंड भारत संदेश

**फाफामऊ।** सुनील जून, पुलिस महानिरीक्षक आर.ए.एफ सेक्टर ने 101 आर.ए.एफ का द्विवार्षिक निरीक्षण कार्यकम हेतु दौरा किया।101 वाहिनी के कमाण्डेंट मनोज कुमार गौत्तम व सभी रैंक द्वारा आईजी, आर.ए.एफ सेक्टर का परम्परागत तरीके से स्वागत किया गया। उक्त द्विवार्षिक निराक्षण के दौरान आईजी महोदय द्वारा क्वार्टर गार्ड जवानों का आवास, मेस की व्यवस्था, दंगा निरोधक उपकरणों की उपलब्धता, जवानों के प्रशिक्षण, कम्पनियों की कानून एवं व्यवस्था ड्यूटी हेतु तैयारी इत्यादि का व्यापक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर महोदय ने जवानो के साथ सैनिक सम्मेलन, खेलकूद, बड़ा खाना एवं उनके परिजनों के साथ संवाद भी किया। अन्त में आईजी महोदय ने कमाण्डेंट-101 एवं समस्त 101 आरएएफ परिवार का आभार प्रकट किया।

## न्यूज झरोखा

### उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा महिला रेल कर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित



**प्रयागराज।** बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से उत्तर मध्य रेलवे के मुख्यालय, मंडलों एवं वर्कशॉपों में विभिन्न पदों पर कार्यरत उन अराजपत्रित महिला रेलवे कर्मचारियों को जो विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ योगदान देती हैं, उनके लिए पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन रेलवे अधिकारी क्लब, सूबेदारगंज, प्रयागराज में किया गया।इसमें कुल 22 अराजपत्रित महिला कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु चयन किया गया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा श्रीमती शिखा गोयल द्वारा इन सभी 22 उत्कृष्ट रेलवे महिला कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र एवं व्यक्तिगत उपहार से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर संगठन की सचिव श्रीमती नूपुर अग्रवाल, श्रीमती मीना माथुर, श्रीमती माधुरी सिंह, श्रीमती मिथलेश कुमारी, श्रीमती ज्योति सिन्हा, श्रीमती राखी जैन, श्रीमती रेणु पोनिया, श्रीमती सुप्रिया सिन्हा, श्रीमती अलका गर्ग, श्रीमती राजेनी चन्द्रायन, श्रीमती निष्ठा त्रिपाठी के साथ-साथ संगठन की अन्य सदस्यायें भी उपस्थित रहीं।

### दिव्यांगों ने मतदान करने के लिए किया प्रेरित




**प्रयागराज।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित राजकीय समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय प्रयागराज के द्दष्टिबाधित , श्रवणबाधित, अस्थिबाधित दिव्यांग छात्रों ने आगामी 25 मई 2024 को सामान्य लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए गेदुराही के मतदाताओं को जागरूक और प्रेरित किया साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिव्यांग मतदताओं के साथ ही सामान्य मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए अपने मत का प्रयोग जरूर करने के लिए आह्वाहन किया। संजय कुमार, अनिता सरन इत्यादि भी इस अभियान में उपस्थित रहीं।

### 50 हजार से अधिक लेकर चलें तो पास में रखें साक्ष्य

**प्रयागराज।** आपका चुनाव से भले ही कोई वास्ता न हो,लेकिन 50 हजार रुपये से अधिक राशि कैश लेकर चल रहे हैं तो उसका साक्ष्य या बैंक की रसीद भी साथ में रखें। अन्यथा, परेशानी उठानी पड़ सकती है। चुनावी आचार संहिता लागू हो गई है। इसमें धनबल का गलत तरीके से इस्तेमाल न होने पाए, इसके लिए कैश ले जाने की सीमा तय करने के साथ इस पर निगरानी भी बढ़ा दी गई है। निगरानी टीम सक्रिय हो गई है, जो कैश लेकर निकलने वालों पर भी नजर रखेगी।अफसरों का स्पष्ट कहना है कि अब ऑनलाइन लेनदेन का चलन बढ़ा है। इसके अलावा सिर्फ आचार संहिता के दौरान की बात है। इसलिए बैंक से अधिक कैश निकालते हैं तो उसकी रसीद साथ रखें। व्यापारिक या अन्य कारणों से अधिक कैश है तो उसका साक्ष्य भी रखना होगा।

**ईएसएमएस एप पर तत्काल अपलोड करनी होगी कार्रवाई की रिपोर्ट :** निर्वाचन आयोग की ओर से इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) एप बनाया गया है। सचल दल, एसएसटी टीम आचार संहिता के उल्लंघन का कोई मामला पकड़ती है तो मौके से ही तत्काल पूरा डिटेल इस एप पर अपलोड करना होगा। विवरण निर्धारित फॉर्मेट में देना है। एप पर सारी सूचना अपलोड करते ही निर्वाचन आयोग के पास पहुंच जाएगी।

**सचल दस्ते की हर पल की मिलेगी लोकेशन :** आचार संहिता लागू होने के साथ 36-36 सचल दल तथा एसएसटी टीम सक्रिय हो गई है। इनके वाहनों में जीपीएस भी लगा है। इसकी मदद से टीम के हर पल के लोकेशन को जाना जा सकेगा। कंट्रोल रूम में लगे स्क्रीन पर इनकी लोकेशन देखी भी जा सकती है।

## होली के बाजार पर हावी 'डबल इंजन की सरकार

### लोकसभा चुनाव के पहले खूब बिक रही मोदी-योगी की पिचकारी, हथौड़ा और बेलन पिचकारी की डिमांड




**प्रयागराज।** लोकसभा का चुनाव छठवें चरण में (25 मई) में होगा। इसके पहले रंगों का पर्व होली है। होली का बाजार सजकर तैयार है और इस बाजार में चुनावी रंग दिख रहा है। इस बार अलग तरह के पिचकारी, पंप मशीन व बेलन पिचकारी लोगों को भा रही है। सिविल लाइन्स में सजी दुकानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरों वाली पिचकारी व रंगों वाले पंप उपलब्ध हैं। बैगनुमा पंप वाले पिचकारी का कलर भगवान है इस पर मोदी और योगी की फोटो लगी है इस पर ह्लडबल इंजन की सरकारह्व भी लिखा गया है। इसकी कीमत 400 रुपये से 800 रुपये तक बिक रही है।सिविल लाइंस में विवेक केसरवानी पिछले 10 वर्षों से होली का सामान पिचकारी आदि बेचते हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी ने आकर्षक तरीके की पिचकारी बनाई है जिस पर मोदी और योगी की फोटो भी है। जिस तरह से बच्चे पीठ पर बैग टांगकर स्कूल जाते हैं वैसा ही बैगनुमा पंप आया है जिसमें कलर डालकर पीठ पर टांग लिया जाता है और उसका बटन आगे होता है जिस दबाने पर रंग निकलता है। इसकी कीमत 800 रुपए है। इसी तरह हथौड़ा वाली पिचकारी 400 रुपए की है जो देखने में बिल्कुल हथौड़ा की तरह है और इसी बेलन पिचकारी की कीमत 150 रुपए है।

**राकेट से निकलेगा अबीर और गुलाल :** दुकानदार राजीव सोनकर बताते हैं कि इस बार होली खेलने के कई आकर्षक साधन उपलब्ध हैं। राकेट बनाया गया है जिसे जलाते ही उसमें रंग और अबीर-गुलाल निकलेगा। जिस तरह से दीपावली में लोग पटाखे जलाते हैं उसी तरह से यह राकेट भी तैयार किया गया है। रंगों से बालों को सुरक्षित रखने के लिए कलर वाले बिग (नकली बाल) भी बिक रहे हैं। चेहरे को बचाने के लिए तरह तरह के मुखौटा भी खूब बिक रहे हैं।

# उ.प्र.महिला शिक्षक संघ प्रयागराज की शंकरगढ़ इकाई कार्यकारिणी का गठन

**प्रयागराज।** विकासखंड शंकरगढ़ बीआरसी में उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ विकासखंड शंकरगढ़ कार्यकारिणी की महिला शिक्षकों के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदय शिव औतार सर के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि उ.प्र. महिला शिक्षक संघ प्रयागराज की जिलाध्यक्ष महोदया श्रीमती अनुरागिनी सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती कविता त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती आशा शर्मा जिला मीडिया प्रभारी श्रीमती इंदु शर्मा एवं कोराव ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा सिंह , आदि उपस्थित हुए।कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ,और जिला अध्यक्ष महोदया द्वारा ब्लाक कार्यकारिणी की सभी पदाधिकारी को प्राधिकार पत्र दिया गया। तथा अपने उद्बोधन में महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निदान के साथ कार्यकारिणी के दायित्व निर्वहन को लेकर सभी पदाधिकारी के कर्तव्य पालन करने का बोध कराया । सभी शिक्षिका बहनों को आश्वासन दिया की समस्या का निदान अवश्य मिलेगा। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ ब्लॉक शंकरगढ़ की कार्यकारिणी में पदाधिकारी हैं-

1. श्रीमती हेमलता सिंह-ब्लॉक अध्यक्ष 2. श्रीमती बिनीता साहू - वरिष्ठ उपाध्यक्ष 3. श्रीमती रितु मेहरोत्रा-उपाध्यक्ष 4. श्रीमती सविता गुप्ता-उपाध्यक्ष 5. श्रीमती श्रीमती बंदना चौधरी- उपाध्यक्ष 6. श्रीमती सहर करीम - उपाध्यक्ष 7. श्रीमती चंदा सिंह- उपाध्यक्ष 8. श्रीमती ज्योति त्रिपाठी- महामंत्री 9. श्रीमती सुधा सिंह- मंत्री 10. श्रीमती अनीता सिंह- संयुक्त मंत्री 11. श्रीमती स्वाति सिंह- संगठन मंत्री 12. श्रीमती पूनम कुमारी- संगठन मंत्री 13. श्रीमती नूपुर गुप्ता- संगठन मंत्री 14. श्रीमती उर्वशी श्रीवास्तव- कोषाध्यक्ष 15. श्रीमती शर्मिला विश्वकर्मा- मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ विकासखंड शंकरगढ़ की कार्यकारिणी के द्वारा शंकरगढ़ में रिटायर होने वाले शिक्षकों का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष महोदया के कर-कमलों द्वारा रिटायर होने वाले शिक्षकों को भेट दी गई। रिटायर होने वाले शिक्षकों में राम सिंह, देवेंद्र सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक महामंत्री ज्योति त्रिपाठी ने सभी को अपना बहुमूल्य वक्त देने के लिए आभार व्यक्त किया तथा सभी ने मिलकर रिटायर्ड शिक्षकों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभागार में भारी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिका बहने उपस्थित रही।



# खाद्य सचल दल ने निरीक्षण के दौरान 75 किग्रा0 दूषित खोया को कराया नष्ट

## खाद्य सचल द्वारा प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर सात नमूने संग्रहित कर भेजा प्रयोगशाला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न बाजारों में स्थित 07 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुरूप न होने के संदेह पर 07 खाद्य पदार्थों का नमूना संग्रहित कर विश्लेषण हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजी।

खाद्य सचल दल द्वारा कृष्णा दूध डेयरी (प्रो0-सतीश यादव पुत्र छेदी लाल यादव ) विक्रम चौराह, बेगम वार्ड स्थित दूध डेयरी से भैंस का दूध का नमूना, अभय



निरीक्षण कर नमूना संग्रहित करते अधिकारी

दूध डेयरी (प्रो0-अभय यादव) सुल्तानपुर तहसील रानीगंज स्थित दूध डेयरी से गाय के दूध का नमूना, अशोक यादव पुत्र राजकिशोर यादव अफीम कोठी सगरा दूध विक्रेता से गाय के दूध का नमूना संग्रहित, माधव दूध डेयरी (प्रो0-अनुराग यादव पुत्र धर्मराज यादव ) सुल्तानपुर तहसील रानीगंज स्थित दूध डेयरी से मिश्रित दूध का नमूना, इसराज अली पुत्र शौकत अली सुल्तानपुर तहसील रानीगंज स्थित खोये की भठ्ठी से खोया का नमूना एवं 20 कि0ग्रा0 दूषित खोया कीमत रूपये 6000 नष्ट कराया गया। इसी प्रकार अरूण गुप्ता पुत्र विजय गुप्ता आमापुर बेर्रा रानीगंज स्थित खोये की भठ्ठी से खोया का नमूना संग्रहित किया गया एवं 30 किग्रा0 दूषित खोया कीमत रूपये 9000 नष्ट कराया गया। हरिशंकर यादव पुत्र राम लाल यादव सुल्तानपुर तहसील रानीगंज स्थित खोये की भठ्ठी से खोया का नमूना संग्रहित किया गया एवं 25 किग्रा0 दूषित खोया कीमत रू0 7500 नष्ट कराया गया। खाद्य सचलदल में संजय कुमार तिवारी, संतोष कुमार दुबे, अंजनी कुमार मिश्र, विवेक कुमार तिवारी, ऋचा पाण्डेय खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। टीम द्वारा समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थों को ढक कर रखनें, दुकान में साफ-सफाई रखनें, शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ बेचनें, बिना लाइसेंस/पंजीकरण के खाद्य कारोबार संचालित नहीं करनें के कडे निर्देश दिये गये। मौके पर उपस्थित आमजनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया।

# सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में चिल्ड्रेन पैराडाइज का दबदबा

## चयनित छात्रों का समारोह में हुआ सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय नगर स्थित चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल के छात्रों का सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में दबदबा देखने को मिला। स्कूल के पांच छात्रों के सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में अंतिम चयन पर विद्यालय परिवार ने उनका सम्मान कर खुशी मनाई।

चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल में अध्यनरत छात्र अभिनव रजक, प्रियांशु राय, आयुष कुमार, शिवांश कुमार, अनुकृति सिंह, के अंतिम चयन पर विद्यालय में मंगलवार को समारोह पूर्वक विद्यालय के प्रबंधक विकास मिश्रा ने छात्रों को प्रतीक चिन्ह ,मेडल



सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में चयनित चिल्डेरुन पैराडाइज के छात्रगण।

पहनाकर माल्यार्पण कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य आदर्श मिश्रा ने कहा कि शिक्षकों की कड़ी मेहनत एवं अनुशासन का परिणाम है कि विद्यालय के पांच छात्र सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में अंतिम रूप से चयनित किए गए हैं।अभिभावकों ने विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को छात्रों के अनुकूल बताते हुए सराहना की। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार वर्मा ने किया। आयोजन उप प्रधानाचार्य भरत भूषण ओझा ने किया। सैनिक प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराने वाले शिक्षक जनक शुक्ला को भी छात्रों की सफलता पर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रतिभा शुक्ला, सरिता पांडे, संजीव पांडेय, राजेंद्र मिश्रा, अनूप पांडे, प्रभात शुक्ला, आदि मौजूद रहे।

# शहर की महिलाओं ने एकजुट होकर पीएम को भेजा सुझाव

## सारिका ने रेलवे स्टेशन के समीप सुझाव भेजने का चलाया अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विकसित भारत के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की जनता से मांगे गये सुझाव देने के क्रम में आज यहां महिलाओं ने अभियान चलाकर प्रधानमंत्री को अपने सुझाव भेजवाया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रवक्ता सारिका श्रीवास्तव शहर के मोहल्ले में महिलाओं को एकत्र कर सुझाव भेजवा रही हैं।

सारिका बताती हैं कि प्रधानमंत्री को विकसित भारत के लिये सुझाव भेजने में महिलाओं में उत्साह दिखाई दे रहा है। आज रेलवे स्टेशन के



सुझाव लिखकर पीएम को भेजती महिलाएं।

निकट महिलाओं ने एक बैठक की, जिसमें सारिका श्रीवास्तव, सुष्मिता देव, नीतू शुक्ला, सुनीता सिंह, भारती सिंह, नीलम पाण्डेय, सीमा सिंह, दीपा सिंह, अनीता सिंह, रुचि सिंह आदि महिलाओं ने अपने-अपने सुझाव रखे और प्रधानमंत्री को सुझाव भेजवाने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई।

## सरपत जंगल मे बिजली की शार्ट सर्किट से लगी आग

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के मोहम्दाबाद उपरहार कालाकांकर के कलेसर बाबा के निकट बुधवार की दोपहर अचानक बिजली की शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी के चलते सरपत मे अचानक आग पकड़ लिया आग लगने की जानकारी मिलते ही बस्ती के लोग दौड़ पड़े आग लगने से शोर मचने पर कालाकांकर पावर हॉउस से बिजली बंद कर दी गयी काफी मशक्त के बाद ग्रामीणो ने आग पर काबू पाया आगजनी मे सरपत की खेती करने वालो को अच्छा खासा नुकसान हो गया।

# लुप्त होती गौरैया का संरक्षण कर पुनः अस्तित्व में लाने की करें पहलः उमेश द्विवेदी

## क्लब को प्यारी गौरैया का संरक्षण करने का हम सब ले संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व गौरैया दिवस पर एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ ने क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में प्यारी पक्षी गौरैया के संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाकर घोसला बांटे गए। यह अभियान शहर से लेकर ग्रामीण इलाके में भी चलाया गया। जहां जनमानस में घोसला देते हुए इस अभियान में माननीय शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि सचिन सिंह शोलू, एआरटीओ बीके सिंह,



घोंसला के साथ विधायक उमेश द्विवेदी व क्लब के पदाधिकारी।

भाजपा नेता अनुराग मिश्रा, अरविंद श्रीवास्तव आदि को घोंसला देकर अपने-अपने घरों में लगाकर लुप्त होती गौरैया को संरक्षण देने की पहल की गई।

माननीय शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी जी क्लब के इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि हम सबको संकल्प लेना चाहिए। प्यारी गौरैया के संरक्षण में हम सब को क्लब के अभियान से जुड़कर गौरैया के अस्तित्व को बचाएंगे। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि कभी आंगन व छतो पर चहकती प्यारी गौरैया का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। आज घरों के छतो पर फूदकने वाली गौरैया कहीं-कहीं दिखाई देती हैं। क्लब लगभग 15 वर्षों से गौरैया के संरक्षण के लिए अभियान चला रहा है और घोसला बांट रहा है। हमें तब बड़ी खुशी होती है जब घोसला जिनको दिए गए हैं वह यह बताते हैं कि हमारे घर में प्यारी गौरैया का आगमन हो गया है। उसी क्रम में क्लब के पदाधिकारीयो ने आज भ्रमण कर चिलबिला, सिविल लाइन, गड़वारा, बिहारगंज, श्रीराम चैराहा, अंबेडकर चैराहा आदि जगहों पर भ्रमण कर 55 घोसला बाँटकर सभी से अपने-अपने घरों व छतो पर लगाने का अनुरोध किया और कहा कि गौरैया के खाने के लिए बाजरा, टूटे चावल, रोटी के छोटे-छोटे टुकड़े रखना चाहिए। इस अवसर पर डॉ0 दयाराम मौर्य, सुरेश अग्रवाल, धर्मवीर सिंह, गंगा प्रसाद पांडे, राकेश शुक्ला, संतोष कुमार, देवानंद, विनय श्रीवास्तव, राजेश सिंह, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, छेदीलाल, आदर्श कुमार, विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# स्कूल से घर जा रहे छात्र की रास्ते में घेर कर पिटाई

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्कूल से घर जा रहे छात्र को रास्ते में घेर कर कुछ लोगों ने सरेआम दौड़ा दौड़ा कर पीटा। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के पूरे गुलाल निवासी संतोष पांडे का 17 वर्षीय बेटा अभिनव पांडे पट्टी कस्बे के भारत सिंह इंटर कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र है। बुधवार को वह स्कूल आया हुआ था। जहां से वह अपनी बाइक से एक मित्र के साथ घर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में बेलसंडी गेट के समीप पहले से असलहा से लैश हो कर घात लगाए बैठे लोग उसे रोक लिए। छीनौती का प्रयास करते हुए उसे मारने पीटने लगे। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने बीच बचाव किया तो उसकी जान बची। मारपीट में अभिनव को काफी चोटे आई हैं। घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी कैमरे में भी मारपीट की घटना कैद हुई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। वही घायल अभिनव के पिता संतोष पांडे ने थाने पर गंभीर आरोपों की तहरीर दी है।

# अंतरिम मतदाता सूची पर चुनाव समिति की लगी मुहर, बाइस को होगा प्रकाशन

## संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर परिसर में चुनावी गहमागहमी हुई तेज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ चुनाव समिति की बैठक में बुधवार को वर्तमान तथा नए सत्र के अधिवक्ताओं के नाम मतदाता सूची में लिए जाने को लेकर मंथन किया गया। इसके तहत समिति ने सभी नए अधिवक्ताओं के आवेदनों पर विचार करते हुए आगामी बाइस मार्च को अंतरिम मतदाता सूची प्रकाशित किये जाने का निर्णय लिया है।

समिति की बैठक को लेकर कार्यालय के बाहर अधिवक्ताओं में गहमागहमी का भी माहौल घंटो देखा गया। समिति ने सर्वसम्मत से तहसील तथा दीवानी परिसर मे नियमित वकालत न करने वाले बाहरी सदस्यो के नाम की छंटनी पर भी अपनी मुहर लगायी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि अंतरिम सूची पर आपत्ति का अवसर दिया जाएगा। उन्होने बताया कि होली बाद अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरान्त चुनाव कार्यक्रमों की विधिवत घोषणा भी की जाएगी। बैठक में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने संघ के चुनाव को लेकर चुनाव समिति से आदर्श आचार संहिता के भी बिंदुओ पर रूपरेखा प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये। इस बीच चुनाव समिति ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए संघ के चुनाव को लेकर परिसर मे भीड़ के मददेनजर प्रशासन से भी शांति व्यवस्था के बाबत सहयोग की रूपरेखा पर भी विचारविमर्श किया। संचालन महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने किया। बैठक में राममोहन सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, बेनीलाल शुक्ल, शिवाकांत उपाध्याय, संतोष पाण्डेय, वीरेन्द्र सिंह अगई, रामलगन यादव मौजूद रहे। समिति के प्रवक्ता विकास मिश्र ने बताया कि दूसरे चरण में नामांकन से लेकर मतदान तक की प्रक्रिया को लेकर चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी। वही तहसील तथा दीवानी परिसर मे संघ के चुनाव को लेकर संभावित उम्मीदवारों को भी बुधवार को खासा सक्रिय देखा गया।

# सर्राफा व्यापारी से हुई लूट के तीसरे अभियुक्त को पुलिस ने लिया रिमाण्ड पर

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर 12 फरवरी 24 की सुबह नवाबगंज थाना क्षेत्र के हरदेव नगर के निकट भिटारी मोड़ पर अपाची सवार बदमाशों ने फिल्मी अंदाज मे सर्राफा ब्यापारी विजय सोनी से जेवरात की लूट की थी। थाना प्रभारी धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि तीसरे अभियुक्त राकेश गुप्ता को पुलिस रिमांड पर लिया। पुलिस ने पहले राकेश गुप्ता के घर से लूट का माल भी बरामद किया था रिमांड पर लेने के बाद पुलिस पूछताछ मे राकेश ने बताया कि लूट के जेवरात को लवाना भवानीगंज में एक दुकानदार के यहां बेचा तो पुलिस ने दुकानदार के घर से लगभग डेढ़ किलो चांदी के जेवरात बरामद किया। लूट के बरामद जेवरात की पहचान पीड़ित दुकानदार विजय सोनी ने किया पुलिस ने रिमांड अवधि खत्म होने के पूर्व मेडिकल चेकप कराकर अभियुक्त राकेश गुप्ता को कोर्ट के सुपुर्द कर दिया और चोरी का सामान खारीदने वाले आभियुक्त दुकानदार के खिलाफ विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर लिखा पढ़ी करके दुकानदार को न्यायालय भेज दिया। पुलिस की इस कारवाई से क्षेत्र मे हड़कंप मचा हुआ है।

# गरीबों के हक में घालमेल सरकारी दावे फेल

## पुरानी मशीन से दिया जा रहा खाद्यान्न

**अखंड भारत संदेश**

**दिलीपपुर, प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राशन वितरण में पारदर्शिता बनाने के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है जिसके तहत मार्च माह से ई-पॉस मशीन से लिंक इलेक्ट्रिक बेइंग मशीन से राशन का वितरण किया जा रहा है जिसमें कार्डधारक के अंगूठा लगाते ही ई कांटा में पूरा विवरण पंहुच जायेगा यूनिट के हिसाब से पूरा राशन देने के बाद ही ई-पॉस मशीन से वितरण की डिटेल्स की पावती निकलेगी जिसकी जानकारी एसएमएस के माध्यम से कार्डधारक को प्राप्त हो जायेगी। जिसकी फीडिंग मशीनों के जरिए शासन स्तर तक पहुंचेगी।

सरकार दावा कर रही है की सार्वजनिक वितरण प्रणाली की नई व्यवस्था से घटतौली कालाबाजारी पर लगाम लग सकेगी और फर्जी कार्डधारकों को चिन्हित किया जा सकेगा, लेकिन राशन वितरण की नई व्यवस्था में घटतौली के खेल



कोटेदार की दुकान पर लगी राशन कार्ड धारकों की भीड़ं।

का कोटेदारों ने नायाब तरीका खोज निकाला है। कोटेदारों ने यूनिट के हिसाब से अलग अलग पैकेट बना रखा है जब कोई कार्डधारक ई-पॉस मशीन में अंगूठा लगाता है तो उसकी यूनिट के हिसाब से बनाए गए पैकेट को इलेक्ट्रॉनिक कांटे पर रखकर तौल दिया जाता है मशीन में पुष्टि होने पर पर्ची निकल जाती है इसके बाद कोटेदार कार्डधारकों को पुराने कांटे पर तौलकर राशन दे देता है या अगले दिन बुलाता है इस तरह गरीबों की आंख में धूल झोंककर गरीबों के साथ मनमानी की जा रही है। रानीगंज तहसील के लच्छीपुर रसोईयां रतनमई बशीरपुर सहित दर्जनों गांवों के लोगों ने इसकी शिकायत पूर्ति निरीक्षक रानीगंज सुधीर सरोज से फोन द्वारा की है उन्होंने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही है।

# श्रीराम कथा श्रवण करने से संवर जाता है इहलोक व परलोकः स्वामी प्रणवपुरी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मानस संत सम्मेलन समिति रामगढ़ रैला के संयोजन मे भगवान् श्रीराम की कथा का भव्य आयोजन किया गया। कथाव्यास स्वामी प्रणवपुरी जी महराज ने कहा कि श्रीराम कथा कलियुग मे मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा है। श्रीराम कथा का श्रवण करने से मानव का इहलोक ही नहीं परलोक भी संवर जाता है। उन्होने बताया कि राम कथा परिवार के सभी प्रकार के सम्बन्धों के साथ ही ईष्ट मित्र, शुभेच्छुओं से मर्यादित आचरण की सीख देता है। कथाव्यास स्वामी प्रणवपुरी महराज ने कहा कि श्रीराम कथा मर्यादित जीवन के साथ सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देती है। कई जन्मों के सत्कर्मो के परिणामस्वरूप मानवतन की प्राप्ति होती है। ऐसे में प्रत्येक मनुष्य को राम कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। कथा के दौरान बीच बीच में श्रीराम नाम संकीर्तन व स्वामी प्रणवपुरी के भगवान श्रीराम से जुड़े भजनों से पाण्डाल और भक्तिमय हो उठा दिखा। कथा के दौरान आचार्य राजेश मिश्र, स्वामी जितेन्द्र तिवारी, गुडडन ओझा, प्रधान बृजेश सिंह, प्रीतेन्द्र ओझा, अनिल मिश्र, मोनू तिवारी, प्रेमचंद्र ओझा, बब्बू ओझा आदि ने श्रीराम कथा का रसपान किया।

## युवक की मौत पर अज्ञात जेसीबी चालक के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जेसीबी की टक्कर से घायल होने से युवक की हुई मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात जेसीबी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के हरमापुर गांव की संगीता वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती मंगलवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे उसके पति अमरजीत वर्मा अपनी बाइक से घर आ रहे थे। रास्ते मे अज्ञात जेसीबी चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। गंभीर रूप से घायल उनके पति अमरजीत को सांगीपुर सीएचसी में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि पत्नी की तहरीर पर अज्ञात जेसीबी चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, इलाज के दौरान मौत

## मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बाइक घर जा रहे युवक को ट्रक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस घायल को 108 एंबुलेंस से सीएचसी पट्टी भेजा जहां पर गंभीर हालात के चलते उसे जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया था। प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज से रेफर कर दिया।

प्रयागराज के स्वरूप रानी में इलाज चल रहा था इलाज के दौरान देर रात युवक की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के लखनीपुर के रहने वाले रमेश चैरसिया सोमवार देर रात 9ः30 बजे अपने बाइक से घर जा रहा था जालपा नहर पर उसे अनियंत्रित ट्रक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना पर पहुंचे सैफाबाद चैकी इंचार्ज ने घायल को इलाज के लिए। 108 एम्बुलेंस सीएचसी भेजा युवक की हालत गंभीर होने के चलते जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया था। प्रयागराज के स्वरूप रानी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था जहां पर इलाज चल रहा था देश रात युवक की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।



तम्बाकू से दुष्प्रभाव के लिये जागरुक करते कलाकार।

## तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव से किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में संकल्प सेवा संस्थान के कलाकारों ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण व मानसिक स्वास्थ्य के बारे में लोगों को नाटक के जरिए जागरूक किया। कलाकारों ने तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव को नाटक की ढंग से प्रस्तुत किया बताया तंबाकू से कैंसर बांझपन व नपुंसकता तथा मानसिक लक्षण होने पर डॉक्टर से परामर्श करें। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सौभाग्य प्रकाश इंद्र कुमार मोहम्मद इकबाल रीमा यादव लव कुश सुभाष चंद्रभान तथा विनीत कुमार आदि रहे।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुख्य पक्षकार आशुतोष पांडेय को कौशाम्बी में पाकिस्तान से फोन पर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा-शाही ईदगाह विवाद के मुख्य पक्षकार को मोबाइल पर धमकी भरी काल आई है। धमकी देने वाले शख्स ने खुद को आतंकी संगठन का एजेंट बताते हुए आशुतोष पांडेय को धमकी दी है कहा कि अगर तीन दिन में केस वापस नहीं लिया तो तुम्हे बम से उड़ा देंगे। आशुतोष पांडेय के मुताबिक धमकी देने वाले ने देश विरोधी नारे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी अभद्र टिप्पणी की है। पक्षकार आशुतोष पांडेय के मोबाइल फोन पर धमकी भरी काल उस वक्त आई जब वह मंगलवार की देर रात इलाहाबाद हाईकोर्ट पैरवी के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह कौशाम्बी जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्र में पहुंचे उन्हें फोन पर धमकी मिली। जिसके बाद हिंदू पक्ष के मुख्य वादी आशुतोष पांडेय सीधे सैनी कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। सैनी थाने में इस मामले को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने धमकी देने वाले के खिलाफ आईपीसी की धारा 504, 507 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है एफआईआर के मुताबिक, आशुतोष पांडेय 20 मार्च को मथुरा से केस की पैरवी के लिए प्रयागराज जा रहे थे दिल्ली से प्रयागराज जाते समय कौशांबी में उन्हें फोन पर बम से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी भरी कॉल पाकिस्तान के नंबर से आई। धमकी देने वाले ने खुद को पीएफआई संगठन का एजेंट बताया है। उसने फोन पर देश के प्रधानमंत्री और हिंदू देवी देवताओं को भी गालियां दी हैं। आपको बता दें की आशुतोष पांडेय श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट मथुरा के अध्यक्ष हैं। आशुतोष पांडेय ने श्री कृष्ण जन्मभूमि को लेकर वाद संख्या चार वर्ष 2023 में दाखिल किया है। इससे पहले भी आशुतोष पांडेय को कई बार फोन पर जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। जिस संबंध में उन्होंने मथुरा, प्रयागराज और फतेहपुर में एफआईआर दर्ज कराई थी इस मामले में सीओ अवधेश विश्वकर्मा ने बताया कि बीती रात 12:10 बजे आशुतोष पांडेय द्वारा सैनी थाने में धमकी दिए जाने के संबंध में तहरीर दी गई है। मामले में केस दर्ज कर मोबाइल नंबर को ट्रेस किया जा रहा है। आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बटाईदार से खरीद किया जायेंगा गेहूं : जिला खाद्य विपणन अधिकारी

### मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से भी गेहूँ की खरीद की जायेगी

**कौशाम्बी।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुधान्शु शेखर चौबे ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत निर्गत गेहूँ क्रय नीति में दी गयी व्यवस्थानुसार उप जिलाधिकारी को गेहूँ क्रय,कृषक पंजीयन,सत्यापन व भण्डारण के निमित्त तहसील स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इस कार्य में सम्बन्धित तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी द्वारा समन्वय रखा जायेगा तथा तहसील स्तर पर गेहूँ खरीद सुचारू रूप से सम्पन्न कराने व प्रभावी अनुश्रवण के लिए उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी द्वारा सप्ताह में न्यूनतम एक बार बैठक कर गेहूँ क्रय विशेष रूप से कृषक पंजीकरण व क्रय योजना के सम्बन्ध में किये जाने वाले प्रचार-प्रसार आदि की समीक्षा व अनुश्रवण की जायेगी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि गेहूँ का समर्थन मूल्य रू0 2275/-कु0 निर्धारित है तथा किसानां को गेहूँ के मूल्य का भुगतान,उनके आधार लिंक्ड बैंक खाते में 48 घण्टे के अन्दर किया जायेगा। क्रय केन्द्रों पर किसानों द्वारा गेहूँ की उतराई,सफाई एवं छनाई के मद में रू0 20/-कु0 की दर से किये गये व्यय की प्रतिपूर्ति किसानों को की जायेगी। इस वर्ष बटाईदार से भी गेहूँ खरीद की जायेंगी। गेहूँ विक्रय के लिए प्रति केन्द्र प्रभारी न्यूनतम 20 पंजीकरण प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर अधिकाधिक किसानों का पंजीकरण कराया जायेंगा। इस वर्ष 100 कु0 की सीमा तक गेहूँ विक्रय के लिए सत्यापन से छूट प्रदान करते हुए प्रति हे0 अनुमानित औसत उत्पादन का 140 प्रतिशत को आधार बनाकर गेहूँ खरीद की जायेगी। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से भी गेहूँ की खरीद की जायेगी। सम्बन्धित क्षेत्रीय विपणन अधिकारी तथा ए0डी0सी0ओ0 गेहूँ की कटाई व मडाई प्रारम्भ होते ही मोबाइल क्रय केन्द्रों से गेहूँ खरीद की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। जनपद में प्राइवेट व्यापारी/ट्रेडर्स द्वारा किये जा रहे गेहूँ खरीद की सतत निगरानी की जायेंगी।

# सड़क पर गिट्टी डालकर लापता हो गए जिम्मेदार



**महगांव कौशाम्बी।** चरवा से महगांव और जीटी रोड से जोड़ने वाली मुख्य मार्ग पर पैगम्बरपुर और मलाहरा गांव के पास सड़क पर गिट्टी डालकर सड़क बनाना जिम्मेदार भूल गए इन दिनों केन्द्र सरकार हो चाहे यूपी में योगी आदित्यनाथ की सरकार हो सड़क बनाए जाने के दावे करती हैं किन्तु वही कुछ जिम्मेदार जिनको सरकार के दावे से कोई फर्क नहीं पड़ता है उनको अपनी मनमानी करना है यही कारण है कि चरवा से महगांव को जीटी रोड से जोड़ने वाली सड़क ग्राम पंचायत महगांव के पैगम्बरपुर और मलाहरा गांव के पास पूरी तरह से ध्वस्त हो गई थी, कारण था की ग्रामीणों द्वारा सड़क पर पानी बहाए जाने से सड़क पानी के गड्ढों में तब्दील हो गई थी कई बार खबर चलाए जाने बाद अंततः जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित हुआ और सड़क के दोनों तरफ नाली बनाई गई और लगातार ही सड़क में भी काम लगा किंतु नाली तो बन गई लेकिन सड़क पर गिट्टी डालकर कर जिम्मेदार फरार हो गए हैं आखिर महीनो से यह सड़क क्यों नहीं बनी कई पीडब्ल्यूडी से सवाल करें या सरकार से सड़कों के लिए तरह तरह के दावे करती हैं! करीब एक किलो मीटर की सड़क पर पैगम्बरपुर और मलाहरा गांव के पास इस रोड पर सफेद पत्थर व गिट्टी पड़ी है आए दिन राहगीर गिर कर चोटिल होते हैं, इसका जिम्मेदार कौन है? पीडब्ल्यूडी विभाग के पास इतनी सड़क बनाने का बजट कम पड़ गया या ठेकेदार की लापरवाही से अभी तक सड़क नही बन पाई है।

# ढाई महीने बाद भी लाखों की चोरी का पुलिस नहीं कर सकी खुलासा

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के खैरात अली का चक थाम्भा में 12 जनवरी की रात राम सिंह के घर की दीवार में सेंध करके भीतर घुसे चोरों ने 6 तोला सोने के जेवर 150 ग्राम चांदी के जेवर 50 हजार से अधिक नगद मोबाइल फोन सहित 5 लाख रुपए से अधिक कीमत का सामान उठा ले गए थे घटना को ढाई महीने बीत चुके हैं इस घटना का पुलिस खुलासा नहीं कर सकी और फिर 12 मार्च को राम सिंह के घर दीवाल में सेंध कर भीतर घुसने का प्रयास चोरों ने किया लेकिन तोड़फोड़ की आवाज से गांव में जगहाट हो गई और लोगों ने हो हल्ला मचाना शुरू किया शोर सुन सुनकर चोर मौके से बिना घटना को अंजाम दिए दोबारा भाग गए लेकिन पहले हुई 5 लाख से अधिक की चोरी की घटना को ढाई महीने बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है पीड़ित परिवार का कहना है कि उनके घर से गए मोबाइल को धता के सोनू नामक दुकानदार के यहां चोरों ने ठीक कराया है उसका पासवर्ड बदलवाया है जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई लेकिन उसके बाद भी पुलिस ने मामले के खुलासे में प्रयास नहीं किया है।

# जमीन के लिए बेटे ने ही कर दी थी अपने पिता की हत्या

## पुलिस ने किया खुलासा,आरोपी बेटा गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जिले के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में 13 मार्च को अधेड़ राम सूरत की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है,पुलिस ने एक आरोपी को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार किया है,आरोपी मृतक का ही बेटा है,जिसने जमीन के लिए अपने पिता की हत्या कर दी थी। थाना पश्चिम शरीरा अन्तर्गत ग्राम देवरी में राम सूरत यादव की हत्या 13 मार्च को नलकूप से घर जाते वक्त रास्ते में कर दी गई थी मृतक की पत्नी की तहरीर पर थाना पश्चिम शरीरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर पुलिस की जांच के दौरान मृतक का बेटा ही हत्यारा निकाला सीओ कौशाम्बी के नेतृत्व में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस ने साक्ष्य व विवेचना से प्रकाश में आये मृतक के बेटे धर्मेन्द्र यादव को ग्राम भगवतपुर में स्थित बालू डप के पीछे महुआ की बाग से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल फावड़ा (फरसा) व पत्थर भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। इसके अतिरिक्त घटना के समय आरोपी द्वारा पहने गये कपड़े व 01 अदद एण्ड्रॉयड मोबाइल भी उसके कब्जे से पुलिस ने बरामद किया है पिता की हत्या में गिरफ्तार बेटे को पुलिस ने अदालत में पेश किया है।

# लोकसभा चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने से नाराज छात्र करेंगे डीएम का घेराव

**अखंड भारत संदेश**



**भरवारी कौशाम्बी।** लोक सभा चुनाव में भवंस मेहता डिग्री कॉलेज भरवारी के दर्जनों प्रोफेसर की ड्यूटी लगाए जाने से विद्यालय के पठान पाठन और परीक्षा पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है लोकसभा चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने से बाधित हो रहे शिक्षण कार्य के चलते छात्र-छात्राओं में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है इसके विरोध में गुरुवार को कॉलेज के छात्र एवम छात्राओ ने जिलाधिकारी का घेराव करने का निर्णय लिया है। भवंस मेहता डिग्री कॉलेज के शिक्षकों की ड्यूटी लोकसभा चुनाव में लगाए जाने के बाद मेहता कॉलेज के छात्र-छात्राओं का कहना हैं की हम लोगों की पढ़ाई बाधित होगी साथ ही परीक्षा भी हम लोगो की बाधित होगी लोकसभा चुनाव ड्यूटी में शिक्षकों के चले जाने के बाद हम लोगो को कौन पढ़ाएगा इस से पहले भी शिक्षको की चुनाव ड्यूटी लगाई जाती थीं परंतु दो चार दिन तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई जाती थी जिसके चलते जनपद के विभिन्न थानों में सुबह से लेकर रात तक ड्यूटी करना मुश्किल होगा जिन शिशिको की ड्यूटी चुनाव में लगाई गए हैं उनमें डॉ योगेश मिस्त्रा डॉ मोहम्मद आदिल डॉ अनुज कुमार तिवारी डॉ राहुल कुमार राय डॉ छुम्मन प्रसाद डॉ धर्मेंद्र कुमार अग्रहरी डॉ महिंद्र कुमार उपाधाय डॉ दीपक कुमार डॉ मनीष कुमार आदि शिक्षको की ड्यूटी लोक सभा चुनाव में लगाई गए हैं।

# विद्युत की ढीली तारे कसी जाएं : अजय सोनी

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से मांग उठाई है की जिले के सभी फीडरो की विद्युत की ढीली तारें कसी जाएं ताकि किसानो के खेतों और जन सामान्य को आगजनी की घटना से बचाया जा सके। एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अजय सोनी ने विभागीय अधिकारियों से इस संबंध में विशेष ध्यान दिए जाने की मांग की है। अजग सोनी के मुताबिक अगले कुछ दिन मे खेतों की फसलें सूख जायेंगी और तेज हवाएं चलेंगी। ऐसे में ढीली तारों के आपस में टकराने से चिंगारी निकलने की संभावना होती है जिससे फसलों में आग लग सकती है। साथ ही गांवो और बाजारों मे भी गर्मी के समय ढीली तारों से कई बार आगजनी की घटनाएं हो जाती हैं। लिहाजा समय रहते विद्युत विभाग ढीली तारों को कसने का कार्य करे ताकि किसी भी प्रकार की आगजनी की घटना से बचा जा सके।

# 11 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उप निरीक्षक अभिषेक गुप्ता उप निरीक्षक सुरेश चंद दुबे व उप निरीक्षक अभिषेक शुक्ला मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु.अ.स.191/18 धारा 135(1) विधिक अधिनियम से संबंधित वारंटी अभियुक्त सतनारायण तिवारी पुत्र प्रमोद तिवारी निवासी बिगहरा थाना सराय अकिल जनपद कौशांबी व वाद संख्या 756/2023 धारा 125 सीआरपीसी से संबंधित अभियुक्त विवेक कुमार स्वर्णकार उर्फ राजन पुत्र अमृतलाल स्वर्णकार और नाथू निवासी मोहल्ला भगवतीगंज कस्बा व थाना सराय अकिल जनपद कौशांबी को एवं वाद संख्या 140/2022 धारा 125 सीआरपीसी से संबंधित अभियुक्त राम अचल उर्फ चिपु पुत्र रामखेलावन निवासी बैरगांव माजरा बसुहार थाना सराय अकिल जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया इसी क्रम में थाना करारी पुलिस उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु.अ.स. 303/18 धारा 498ए/323/504 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित वारंटी अभियुक्त शिव नारायण पुत्र श्रीपाल निवासी भैला मकदूमपुर थाना करारी जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया इसी क्रम में थाना चरवा पुलिस थाना अध्यक्ष बलराम सिंह मैं हमारा पुलिस बल द्वारा मु.अ.स. 166/19 धारा 138 बी विद्युत अधिनियम से संबंधित वारंटी अभियुक्त कामता प्रसाद पुत्र रोशन लाल निवासी ओधार पुर थाना चरवा जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया इसी क्रम में थाना कड़ा धाम पुलिस उप निरीक्षक विनोद यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु.अ.स.94/12धारा 147/ 148/ 149/ 324/ 307/ 321/ 504/ 506 भादवि से संबंधित वारंटी अभियुक्त सोनू उर्फ विनय कुमार पुत्र रमेश निवासी मेवाड़ा गाड़ी म्योहरागढ़ी थाना कड़ा धाम जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया इसी क्रम में थाना सैनी पुलिस उप निरीक्षक आलोक राज व धीरेंद्र कुमार सिंह मैं हमारा पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0 560/15 धारा 135 विद्युत अधिनियम से संबंधित वारंटी अभियुक्त राम भवन पुत्र महावीर पाल निवासी बाकरगंज माजरा कोरियो थाना सैनी जनपद कौशांबी को एवं मु0अ0स0 168/04 धारा 420/467/471/506 भादवि से संबंधित वारंटी अभियुक्त हीरालाल पुत्र लाल बहादुर निवासी ग्राम गरई थाना सैनी जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया इसी क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक राम जी उपाध्याय मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0 17/97 धारा 336/324/504/506 भादवी से संबंधित वारंटी अभियुक्त नसीरुद्दीन पुत्र दर्शन नट निवासी सैहीदाबाद नारा थाना मंझनपुर जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया इसी क्रम में थाना संदीपन घाट पुलिस उप निरीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह मैं हमारा पुलिस बल द्वारा मु.अ.स. 14/23 धारा 147/148/452/323/324/504/506 भादवी से संबंधित थाना संदीपन घाट वारंटी अभियुक्त अनिल पुत्र अशोक कुमार निवासी जीवन गंज थाना संदीपन घाट कौशांबी को एवं 417/16 धारा 138बी विद्युत अधिनियम थाना कोकर से संबंधित वारंटी अभियुक्त रामचंद्र पुत्र रामकृपाल निवासी धनी थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय भेजा गया।

# महाराष्ट्र की महिलाएं कौशांबी में कर रही हैं लूट

### तीन दिन पहले बैंक से पैसा निकाल कर जा रही महिला के साथ हुई लूट का पुलिस ने किया खुलासा




**कौशाम्बी** स्टेट बैंक सिराथू से 3000 की रकम निकालकर टेंपो से घर जा रही महिला के साथ तीन दिनों पहले महिला गैंग ने लूट की घटना को अंजाम दिया था महिला गैंग के लूट में सक्रिय होने के मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तेजी दिखाई और 20 मार्च को सैनी कोतवाली पुलिस ने महाराष्ट्र की रहने वाली तीन महिलाएं भारती ममता और करुणा को गिरफ्तार कर तीन दिन पहले 3000 की लूट की घटना का खुलासा कर लूट की रकम और कागजात बरामद कर लिए हैं लूट घटना की शिकार महिला ने अपने कागजात की पहचान कर ली है पुलिस ने आरोपी महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है महिला गैंग के लूट के घटनाओं में शामिल होने के बाद एक बार फिर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि इन महिलाओं का सरगना कौन है महाराष्ट्र की महिलाएं कौशांबी में लूट की घटनाओं को अंजाम दे रही हैं।

# क्रेडिट कार्ड से ठगों ने उड़ा दिया 44 हजार रुपए

**कौशाम्बी।** अपराध भ्रष्टाचार रोकने के लिए ऑनलाइन बैंकिंग व्यवस्था बनाई गई थी लेकिन अपराध भ्रष्टाचार रोकने के बजाए ऑनलाइन बैंकिंग से गरीब किसान व्यापारी वर्ग ठगी का शिकार हो रहा है ऑनलाइन बैंकिंग को पूरी तरह से ठग गिरोह ने हैंग कर लिया है और आए दिन गरीब किसान मजदूर व्यापारी ठगी का शिकार हो रहा है शिकायती पत्र देने के बाद कुछ मामलों में तो पीड़ित परिवार को राहत मिल जाती है लेकिन तमाम मामले केवल जाँच पड़ताल के नाम पर लंबित रह जाते हैं जिससे गरीबों के सामने मुसीबत बढ़ जाती है और उन्हें उनकी मेहनत की कमाई वापस नहीं मिल पाती है जिससे ऑनलाइन बैंकिंग की व्यवस्था ही समाज के लिए गलत साबित हो रही है लेकिन ऑनलाइन बैंकिंग व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है जबकि देश में शिक्षा का प्रतिशत काफी कम है और अशिक्षा के चलते लोग ऑनलाइन बैंकिंग की सुविधा में ठगी का शिकार हो रहे हैं अभी कुछ दिन पहले करारी थाना क्षेत्र के रकस्वारा सेंट्रल बैंक के उपभोक्ता के साथ लाखों रुपए की ठगी हो चुकी है यह मामला अभी ठंडा नहीं हुआ कि मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा निवासी कलीम अंसारी के साथ ऑनलाइन ठग गिरोह गैंग के सदस्यों ने फोन करके उन्हें क्रेडिट कार्ड के संबंध में जानकारी मांगने के बहाने अपने जाल में फंसा लिया और उनके बैंक खाते से 44000 से अधिक की रकम 16 मार्च को ठग ली गई है पीड़ित ने फिर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है लेकिन इस घटना के मामले में भी कोई खुलासा नहीं हो सका है।

# मतगणना केन्द्र एवं मतदान परिसर में धूम्रपान वर्जित : एडीएम

**अखंड भारत संदेश**

> **लोकसभा चुनाव के दौरान किसी मादक पदार्थ, हुक्का, माचिस, लाईटर, मोबाईल फोन, कैलकूलेटर आदि ले जाने पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध**

**कौशाम्बी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट अरूण कुमार गोंड ने अवगत कराया है कि जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में दिनांक 06 जून 2024 तक धारा-144 लागू हैं। कोई भी राजनैतिक व्यक्ति सरकारी मशीनरी का प्रयोग चुनाव के लिए नही करेंगा। कोई भी व्यक्ति चुनाव सम्बन्धी कार्य में सरकारी गाड़ी का प्रयोग किसी भी दशा में नही करेंगा। कोई भी उम्मीदवार बिना रिटर्निंग आफिसर की पूवार्नुमति के चुनाव प्रचार में कोई गाड़ी नहीं चला सकेंगा,उम्मीदवार चुनाव प्रचार के दौरान भी अपने साथ तीन गाड़ियों से ज्यादा नही चला सकेगा एवं प्रत्येक गाड़ी में ड्राइवर के अलावा तीन व्यक्ति से अधिक नही चल सकेंगे। .कोई भी राजनैतिक पार्टी दूसरी पार्टी का न ही पोस्टर, बैनर आदि नष्ट करेंगे और न ही हटाएंगे। मतदान के दिन कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल का कोई कार्यकर्ता मतदान केन्द्र की परिधि से 200 मीटर की दूरी के अन्दर सक्षम अधिकारी के बिना पूवार्नुमति के मतदाता सहायता बूथ स्थापित नही करेंगा,सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के उपरान्त भी मतदान सहायता बूथ पर एक टेबल व दो कुर्सी से अधिक नही रख सकेगा एवं बूथ पर एक तीन फिट लम्बा व साढे चार फिट चौड़ा बैनर जिस पर केवल उम्मीदवार का नाम चुनाव चिन्ह व पार्टी का नाम अंकित होगा के अतिरिक्त कोई बैनर नही लगा सकेंगा। बूथ पर छाया के लिए जितने मे दो कुर्सियों में बैठे व्यक्ति को मौसम से बचाया जा सकें,से अधिक कपड़ा नही लगा सकेगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया है कि कोई भी व्यक्ति मतदाता सहायता बूथ पर मत डालने के बाद एकत्रित नही होगा तथा बूथ पर मतदाता के पहचान के लिए जारी पर्ची आयोग के निदेशार्नुसार होगी,जिसमें उम्मीदवार का चुनाव चिन्ह व पार्टी का नाम नही होगा। मतदान केन्द्र के अन्दर ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों/ अधिकारियां/ मतदाताओं तथा उम्मीदवारों को छोड़कर अन्य कोई भी व्यक्ति प्रवेश नही करेगा। कोई भी व्यक्ति निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं मतदान दल के कर्मचारियों को भय अथवा प्रलोभन द्वारा प्रभावित करने का प्रयास नही करेंगा। मतदान तथा मतगणना परिसर में कोई भी व्यक्ति शोरगुल अथवा नारेबाजी नही करेंगा। निर्वाचन प्रक्रिया में नामांकन से मत-पत्रों के अन्तिमीकरण तक कोई भी व्यक्ति कर्तव्यरूढ़, शासकीय अधिकारी/ कर्मचारी को उसके विधिक कर्तव्य के पालन में बाधा नही पहुॅचाएगा, अपनी विधिक आपत्ति को निर्वाचन अधिकारी से शान्तिपूर्ण तरीके से समाधान करायेंगा। मतगणना केन्द्र तथा मतदान परिसर में कोई भी व्यक्ति न तो धूम्रपान करेंगा और न ही किसी मादक पदार्थ, हुक्का, माचिस, लाईटर, मोबाईल फोन, कैलकूलेटर आदि ले जा सकेंगा।

# न्यूज झरोखा

## जन शिक्षण संस्थान प्रबंध कारिणी समिति की बैठक सम्पन्न




**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी की प्रबंध कारिणी समिति बी ओ एम की बैठक 20 मार्च को संस्थान मुख्यालय पर आयोजित की गई जन शिक्षण संस्थान कौशांबी की प्रबंध कारिणी समिति की बैठक में प्रबंध कारिणी समिति की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के अध्यक्ष देशराज जायसवाल ने सभी प्रबंध कारिणी समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा निदेशक राजकुमार पांडे को आज्ञा दी कि कार्यवाही प्रारंभ करें संस्थान निदेशक राजकुमार पांडे ने सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा प्रस्ताव संख्या 1 से लेकर 5 तक तथा समस्त कार्यवृत्ति सभी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया तथा अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक समस्त किए गए कार्यों के बारे में चर्चा किया निदेशक ने सभी सदस्यों को बताया कि अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक 1800 प्रशिक्षार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसके सापेक्ष 1800 प्रशिक्षार्थियों का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है तथा संस्थान द्वारा 52 एक्टिविटीज भी की गई है बैठक में के के राम प्रधानाचार्य राजकीय आई टी आई सिराथू जितेंद्र कुमार चौधरी लीड बैंक अधिकारी बी ओ बी श्री अजय पाल सिंह सोमवंशी प्रधानाचार्य राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज संदीप कुमार सहायक प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र कौशांबी प्रमोद गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी मंझनपुर श्रीमती कल्पना त्रिपाठी सहायक अध्यापक कस्तूरबा गांधी गर्ल्स इंटर कॉलेज भरवारी दीपक मौर्य जिला प्रबंधक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मंझनपुर विजय शंकर मौर्य सदस्य जन शिक्षण संस्थान कौशांबी तथा प्रबंध कारिणी समिति के 13 सदस्यों ने बैठक में प्रतिभाग किया।

## समय सीमा के अंदर फरियादियों की समस्याओं का करे निस्तारण : पुलिस अधीक्षक



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में बुधवार को आम जनता के जन समस्याओं की जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को उनके द्वारा सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

## बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम की बैठक सम्पन्न




**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित एसजेपीयू तथा एएचटीयू की पाक्सो एक्ट/ बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम के सम्बन्ध में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं समस्त थानों एवं विभिन्न शाखाओं में नामित बाल कल्याण अधिकारी/प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक की गयी। इस दौरान उन्होंने कहा कि बालकों की देखरेख और उनके संरक्षण अधिनियम के नियमों का कड़ाई से पालन हो और बालकों का किसी प्रकार से उत्पीड़न ना हो इस दौरान उन्होंने बालकों की देखरेख संरक्षण अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही की जानकारी ली।

## भवन्स मेहता महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया रंगारंग कार्यक्रम




**भरवारी कौशाम्बी।** जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी के प्रांगण में बुधवार को आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम में महा विद्यालय के छात्र-छात्राओं भवंस मेहता महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ जनपद के अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया है छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम की लोगों ने भूरि भूरि प्रशंसा की है तालियो की तड़तड़ाहट से पूरा पंडाल गूंजता रहा कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे विद्यालय के प्राचार्य ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे छात्र-छात्राओं को तहे दिल से बधाई दी है और उनके कार्यक्रम की सराहना की है इस दौरान महाविद्यालय के तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राओं के अभिभावक और इलाके के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## त्यौहार व लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न थाना पुलिस ने किया पैदल गस्त



**कौशाम्बी।** आगामी त्योहार व लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपद की विभिन्न थाना पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गस्त कर कानून व्यवस्था का पाठ पढ़ाया थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा मंझनपुर कस्बे के भीड़-भाड़ एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गशत किया गया तथा आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। इसी तरह आगामी त्योहार व लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा भीड़-भाड़ एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गशत किया गया तथा आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

## कड़ा कुबरी घाट पर आयोजित हुआ होली स्नेह मिलन समारोह एवं कर्ण संवाद



**कौशाम्बी** नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के कुबरी घाट पर बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशांबी के द्वारा राष्ट्रीय कला मंच के माध्यम से होली स्नेह मिलन एवं कर्ण संवाद समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य कथा वाचक/लेखक के रूप में शिव प्रकाश साहित्य पहुंचे और उन्होंने इस कार्यक्रम में आये हुए श्रोताओं को कर्ण संवाद सुनाया जिसमें उन्होंने लोगों की जमकर तालियां बटोरी और साथ ही कर्ण संवाद के विभिन्न पक्षों पर कथा सुनाई ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम की अध्यक्ष रागिनी केसरवानी पहुंची जहां पर राष्ट्रीय कला मंच कौशांबी काशी प्रांत की अध्यक्ष रीता पांडेय ने अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया ।इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केसरवानी,पंडा समाज अध्यक्ष उदय पाण्डेय,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् जिला संयोजक शिवबाबू चौधरी, तहसील संयोजक रवि पटेल, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक रीचा पांडेय, विभाग संयोजक ऋषभ द्विवेदी,अंजनी पांडेय,कल्लू पंडा आदि लोग मौजूद रहे।

## उधारी मांगने गए व्यक्ति से मारपीट कर जंजीर और नगदी छीनी

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के उदैयापुर गांव निवासी दिलीप कुमार पुत्र रामचंद्र अपने साथी शनि के साथ अपना उधारी का पैसा मांगने सराय अकिल के गुड्डू कुशवाहा और संजय कुशवाहा के पास गए थे जहां उधारी की रकम देने के बजाय दबंगों ने दोनों को नलकूप पर बुला ले गए और नलकूप पर जाते ही दबंगों ने अपने कई अन्य साथियों के साथ मिलकर दिलीप और सनी के साथ मारपीट शुरू कर दी है आरोप है कि जेब में रखा 12600 रुपए नगद और सोने की जंजीर भी दबंगों ने छीन ली है शिकायतकर्ता का कहना है कि दबंग ने तमंचा लगाकर धमकी दी है कि दोबारा उधारी मांगने आए तो तुम्हारे पूरे परिवार को जान से मार देंगे पीड़ित परिवार ने सराय अकिल पुलिस को शिकायती पत्र दिया है पुलिस जांच कर रही है।

# जब तक मशीन स्ट्रांग रुम में जमा न हो जाये, न जायें छोडकर: डीएम

## डीएम ने लोस चुनाव का दिया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव जिले में पांचवें चरण में संपन्न कराने को 237 मानिकपुर विधानसभा के जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों को ईवीएम व वीवी पैट मशीनों बाबत जागरूकता प्रशिक्षण बारे में चरणबद्ध ढंग से प्रशिक्षण दिया।



प्रशिक्षण में जानकारी देते डीएम।

बुधवार को प्रशिक्षण में मतदेय स्थल पर पहुंचने बाद की व्यवस्था, चेक लिस्ट, मतदान पूर्व तैयारी, मतदान अभिकर्ता नियुक्ति, प्रति रद्द करना, मतदान अभिकर्ता की मौजूदगी, मतदान प्रक्रिया, पीठासीन डायरी, 17 सी की बाबत प्रशिक्षण दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की अहम भूमिका होती है। कोई समस्या होने पर पहले सेक्टर मजिस्ट्रेट पहुंचेंगे। कोई भी बात बताई जाये तो ध्यान से सुने व देखें। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश गाइडलाइन अनुसार कार्य करें। सभी बूथों का निरीक्षण कर हाजिरी दर्ज करें। मतदान शुरू होने पर दो-दो घंटे पर रिपोर्ट जानी चाहिए। जब बूथों पर जायें तो पीठासीन रजिस्टर देखें। सेक्टर मजिस्ट्रेट को पीठासीन कोई समस्या बताये तो तत्काल पहुंचे। मत पत्र लेखा 17 सी को सही से भरें। मशीन खराब होने पर प्रोटोकॉल अनुसार व चुनाव आयोग के निर्देशों अनुसार बदलें।

जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में स्ट्रांग रूम है। वहीं मशीन जमा होगी। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों/जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि जब तक मशीन जमा नहीं होती, तब तक कोई भी मशीनों को छोड़कर नहीं जा सकता। चुनाव आयोग इसे गंभीरता से लेता है। आप लोगों की गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगे होंगे, जो तुरंत संकेत देगा। किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, जब तक मशीन जमा न हो जाये, उसे छोड़कर कहीं न जायें। इस मौके पर सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, एसडीएम मो जसीम अहमद, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, कृषि उपनिदेशक राजकुमार, प्रशिक्षणकर्ता साकेत बिहारी शुक्ला समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

## होली पर्व पर मजदूरों को नहीं मिला पैसा

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** होली पर्व के पहले बाजार में सन्नाटा पसर गया है। त्योहार में कोई रौनक नजर नहीं आ रही। मानिकपुर ब्लाक में छह माह से मनरेगा का पैसा न आने से मजदूरों की मजदूरी नहीं मिल सकी। इससे ग्रामीण क्षेत्र के मजदूर त्योहार मनाने में असमर्थ हैं। बुधवार को मानिकपुर कस्बे की बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। होली पर्व के पहले ऐसा सन्नाटा पहले कभी नहीं देखा गया। मानिकपुर ब्लाक में सात माह बाद मनरेगा का पैसा आया था। सर्वर की कमी से मात्र चार ग्राम पंचायतों का भुगतान हो सका है। क्षेत्र के मजदूरों को होली पर्व पर मनरेगा की मजदूरी न मिलने से पर्व के उनके लिए कोई मायने नहीं हैं। मजदूरों का मनरेगा योजना से मोह भंग हो रहा है। मजदूर दिल्ली, मुंबई, सूरत, पंजाब आदि जाकर कमाना ज्यादा बेहतर समझ रहे हैं।

# एआरटीओ: विवादों से रहा चोली-दामन का नाता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के एआरटीओ विवेक शुक्ला नौकरी दौरान जहां भी रहे, विवादों से घिरे रहे। जिस

### आरटीओ बांदा ने की जांच

जिले में वे तैनात हुए, वहां विवादों से उनका चोली-दामन का साथ रहा।

ज्ञात है कि चित्रकूट से पहले वे झांसी में एआरटीओ थे। उनका रसद नामक व्यक्ति से विवाद हुआ था, आज भी मामला अदालत में है। एआरटीओ विवेक शुक्ला की तैनाती ललितपुर में हुई तो शराब-मुर्गा आये दिन कार्यालय में होता था। शिकायत पर ललितपुर पूर्व डीएम ने पकड़कर निलम्बित किया



एआरटीओ विवेक शुक्ला।

था। अब वे चित्रकूट जिले में हैं। यहां भी उनके साथ दो बार मारपीट की घटना हो चुकी है।

इस मामले में जांच को बांदा से आये आरटीओ अनिल कुमार ने तीन घंटे तक चित्रकूट एआरटीओ व चालक से पूंछताछ की। राजापुर थाना क्षेत्र के यमुना पुल के पास ओवरलोड बालू लदे ट्रक को रविवार रात एआरटीओ विवेक शुक्ला ने चालक दिलीप शुक्ला के साथ जांच दौरान पकड़ा था। दो वाहनों से आये दस युवकों ने ट्रक छोडने का दबाव बनाया। ओवरलोड़ व वाहन में कागजात न होने की बात कहने पर सभी ने उनकी धुनाई की। आरटीओ बांदा अनिल कुमार ने पूंछताछ कर बयान दर्ज किया। घटना स्थल से भी जानकारी ली।



मानिकपुर तहसीलदार अखिलेश गुप्ता।

## तहसीलदार ने संभाला कार्यभार

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** शुक्रवार को मानिकपुर तहसील में अखिलेश कुमार गुप्ता ने तहसीलदार पद का कार्यभार ग्रहण किया। नवनियुक्त तहसीलदार यहां से पहले चंदौली जिले में तहसीलदार थे। बुधवार को तहसीलदार अखिलेश कुमार गुप्ता ने कहा कि चित्रकूट की पावन भूमि पर आने से वह खुश हैं। तहसील क्षेत्र में किसी की कोई समस्या हो तो बेझिझक उनसे कह सकते हैं। कोई भी फरियादी बिना भय के हर समय उनके पास आ सकता है। तहसील क्षेत्र की समस्याओं का समाधान शासन की मंशानुसार किया जायेगा। शासन के प्राथमिकता के कार्य वरासत आदि पहले किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि जमीन की पैमाइश भी समय से कराई जायेगी। लोगों की समस्याओं के समाधान को ही उनकी तैनाती यहां की गई है।

# गरीब बच्चों की नहीं, बजट को ठिकाने लगाने की कवायद: अखिलेश पाण्डेय

## सूबे के सीएम को भेजा पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने आरोप लगाया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर जैसे-जैसे जा रहा है, उसी प्रकार शिक्षक प्रशिक्षणों की बाढ आ गयी है। प्रशिक्षण पहले होने चाहिए। प्रशिक्षणों को जान-बूझकर परिषदीय परीक्षाओं के समय कराया जा रहा है, ताकि कई विद्यालय एकल होने से परीक्षायें प्रभावित हो रही हैं।

बुधवार को उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण से परीक्षायें तो प्रभावित हो ही रही हैं, मूल्यांकन भी प्रभावित हो रहा है। सही से मूल्यांकन न होगा तो परीक्षायें महज औपचारिकता बन जायेगी। गरीब बच्चों



शिक्षक नेता अखिलेश पाण्डेय।

का नुकसान होगा। जिले के तीन ब्लॉक संसाधन केन्द्र में समेकित शिक्षा, प्रबंध समिति आदि के प्रशिक्षण व डायट शिवरामपुर मे परिषदीय परीक्षाओं के बीच पांच दिवसीय प्रशिक्षण चल रहा है। डिजिटल व कम्प्यूटर जानकारी या रुचि वाले शिक्षकों का प्रशिक्षण होना था। किंतु विज्ञान विषय के शिक्षकों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। जिन विद्यालयों मे कम्प्यूटर, स्मार्ट टीवी, स्मार्ट डिजिटल बोर्ड हैं। ऐसे कई विद्यालयों के शिक्षकों का प्रशिक्षण न करवाकर अन्य शिक्षकों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रशिक्षण की उपयोगिता पर सवाल खडा किया। कहा कि विभागीय वार्षिक परीक्षा प्रशिक्षण की भेंट चढ रही है। पाण्डेय ने बताया कि विभागीय अधिकारी/डायट ने वर्ष भर शैक्षिक कैलेंडर बनाने के बाद परियोजना के प्रशिक्षण की रूपरेखा/वार्षिक कैलेंडर मे प्रदत्त निर्देश बाद भी समय से प्रशिक्षण न करवाने की विफलता का दंड परिषदीय छात्र-छात्राओं को दे रहे हैं। वार्षिक परीक्षा व मूल्यांकन प्रभावित कर बच्चों के अधिकारों का हनन हो रहा है। जिम्मेदारों ने वार्षिक परीक्षा समय ऐसी असंवेदनशीलता बरतेंगे तो सुधार कैसे सम्भव है? प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से इस मनमानी पर अंकुश लगाने व शासकीय धन के दुरुपयोग की जांचकर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है।

# वोट करो ईमानदारी से, चयन करो समझदारी से

## महाविद्यालय में हुई मतदाता जागरूकता

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** महामति प्राणनाथ महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता के तहत प्राचार्य डॉ संतोष कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि 20 मई को लोस चुनाव में सभी लोग शत-प्रतिशत मतदान करें। सबके प्रयास हों कि कोई भी मतदाता मतदान से छूटने न पाये। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता बहुत बड़ी ताकत होती है। जरूरी है कि ताकत का एहसास करायें।

बुधवार को महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एस कुरील ने कहा कि सभी अपने अधिकार को समझे। देश- समाज हित व लोकतंत्र की मजबूती को सभी लोग मतदान करें, दूसरों को भी प्रेरित करें। कोई



मतदान को जागरूक करती छात्रा।

भी मतदाता मतदान से छूट गया, संकल्प हमारा टूट गया। लोकतंत्र के पर्व में सब लोग मिलकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने को शत-प्रतिशत मतदान करें। हिंदी प्राध्यापक पूरन सिंह ने कहा कि मताधिकार की उपयोगिता जाति-धर्म व लुभावने वायदों, व्यक्तिगत कल्याण से ऊपर उठकर मतदान करें। लोकतंत्र में मताधिकार की महिमा है अपरंपार, रक्तपात होता नहीं बदल जाती सरकार, वोट करो ईमानदारी से, चयन करो समझदारी से आदि नारे लगे। अंग्रेजी प्राध्यापिका श्रीमती स्वाति गुप्ता, अर्थशास्त्र प्राध्यापक राजनारायण सिंह, बीए द्वितीय सेमेस्टर छात्रा स्वीटी केसरवानी, सपना अग्रहरि, अंजली त्रिपाठी, सोनम द्विवेदी, चतुर्थ सेमेस्टर छात्रा शिवानी सिंह, अर्पिता बाजपेई, शिवानी त्रिपाठी, तनुलता चतुर्वेदी व शिवी मौर्या, छठवीं सेमेस्टर छात्रा मेनका यादव, आम्रपाली त्रिपाठी ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मी तथा छात्र-छात्रायें मौजूद रहे। संचालन डॉ एस कुरील ने किया।

## एसपी के निर्देश पर दो पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले उमाशंकर पुत्र शक्तिराम कौडर पुरवा मजरा बक्टा बुजुर्ग व रामबाबू पुत्र धनराज मिश्रा भरकोर्रा के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

# 99 लीटर महुआ-76 क्वार्टर शराब समेत नौ दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने 99 लीटर महुआ व 76 क्वार्टर शराब समेत नौ लोगों को दबोचा है। सभी पर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

बुधवार को राजापुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा कन्हैयालाल बख्श, दरोगा कृष्णदेव मिश्र, दरोगा अनिल कुमार ने पुलिस टीम व आबकारी निरीक्षक नीरज वर्मा की संयुक्त टीम ने मुसम्मी केशव उर्फ कल्लू निषाद पुत्र ननकू



पुलिस गिरफ्त में शराब कारोबारी।

निषाद रेवाड़ी के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरण समेत गिरफ्तार किया। टीम में उक्त दरोगाओं के साथ सिपाही उज्जवल पांडेय, बुद्धसेन विक्रम, मनीष यादव व आबकारी टीम के निरीक्षक नीरज वर्मा आदि शामिल रहे।

इसी क्रम में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने बैदू सिंह पुत्र अरविन्द सिंह गोबरिया के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के दरोगा बालकिशुन की टीम ने सैना देवी पत्नी स्व केशव यादव डंडिया मजरा पहरा के कब्जे से 19 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा कन्हैयालाल बक्श ने मनीष कुमार पुत्र नत्थू हनुवा सरैंया के कब्जे से 28 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा मातादीन ने राजेश पुत्र परसदवा नोनार के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। रैपुरा थाने के दरोगा दिनेश कुमार ने रमेश पुत्र लक्ष्मी प्रसाद दरियाव पुरवा मजरा बसिला के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। सरधुवा थाने के दरोगा मुन्नीलाल ने देवनाथ पुत्र दानी अमवा के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

मारकुंडी थाने के दरोगा इन्दल कुमार ने सोनू कोल पुत्र चिल्लू करौंहा के कब्जे से 16 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य की अगुवाई में दरोगा राम आधार सिंह व आबकारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्र की संयुक्त टीम ने तिलकधारी पुत्र रामआसरे कुरियाडीह मजरा तुरगवां के कब्जे से 40 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा राम आधार सिंह, सिपाही रोहित यादव व आबकारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्र, सिपाही दीपक कुमार, महिला सिपाही सुमित्रा देवी शामिल रहे।

# लोस चुनाव सम्पन्न कराने को कटिबद्ध हैं एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह जहां ज्वलंत मतदान केन्द्रों का दौराकर लोस चुनाव शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने को कटिबद्ध हैं, वहीं क्षेत्रीय थानाध्यक्ष भी चुनाव को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने को सक्रिय नजर आ रहे हैं।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक ने लोस चुनाव के मद्देनजर थाना रैपुरा के ज्वलंत मतदान केन्द्र प्रावि देवकली, प्रावि हनुमानगंज, प्रावि बेलरी को देखा। आम जनता से कहा कि निर्भीक व बेखौफ होकर मतदान करें। कोई किसी के प्रलोभन व दबाव में मतदान न करें। किसी के प्रलोभन या दबाव देने पर तत्काल पुलिस को जानकारी दें। ऐसे लोगों



बूथों को देखते एसपी आदि।

पर कडी कार्यवाही की जायेगी। चुनाव दौरान पुलिस बलों के ठहरने की व्यवस्था को कृषक इंटर कॉलेज भौंरी का निरीक्षण कर सम्बन्धित को सुधार के निर्देश दिये।

इसी क्रम में थाना बरगढ़ पुलिस ने सशस्त्र सीमा बल के जवानों समेत बरगढ़ क्षेत्र के गांवों का भ्रमण किया। लोस चुनाव शान्तिपूर्ण व भयमुक्त सम्पन्न कराने को प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश कुमार मौर्या की अगुवाई में पुलिस ने क्षेत्र के कटियाडांडी, मनका में सशस्त्र सीमा बल समेत क्षेत्र भ्रमण कर मतदान केंद्र देखे। आम जनता को भरोसा दिया कि निर्भीक होकर सभी लोग ज्यादा से ज्यादा मतदान करें।

# विवाहिता को आत्महत्या को उकसाने में तीन सगे भाइयों को सजा

## सात वर्ष की सजा, पांच-पांच हजार जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विवाहिता को आत्महत्या को उकसाने के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने तीन सगे भाइयों को सात-सात वर्ष की सजा व पांच-पांच हजार रूपये के जुर्माना से दंडित किया। सजा पाने वाले तीनों आरोपी रिश्ते में मृतका के जेठ हैं।

बुधवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुन्दर मिश्रा ने बताया कि 29 मई 2022 को बांदा जिले के कमासिन थाने के अन्दौरा के रोहित कुमार यादव ने पहाड़ी थाने में लिखाई रिपोर्ट में बताया था कि अपनी बहन केता देवी की शादी पहाड़ी थाना क्षेत्र के भंभौर गांव के महुटा रूपौली लोखरिहापुरवा के रविकरन के साथ 2014 में की थी। 27 मई 2022 शाम चार बजे बहन केता का सास से विवाद हो गया। बहन के जेठ शिवमोहन यादव ने उसे लाठी से मारा। घटना को आत्महत्या रूप देने को ससुरालीजनों ने आग लगा दी। मामले में मृतका केता के जेठ गोरेलाल व राजा यादव के विरूद्ध रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले में मृतका के पति व आरोपियों के छोटे भाई रविकरन ने गवाही दी थी। हत्यारोपी दो भाइयों की जमानत नहीं हो सकी। दोनों भाई जेल में हैं। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद बुधवार को जिला जज विकास कुमार प्रथम ने दो साल पहले हुई आत्महत्या को उकसाने के मामले में दोष सिद्ध शिवमोहन, गोरेलाल व राजा यादव को सात-सात साल की सजा व प्रत्येक को पांच-पांच हजार रूपये के जुर्माना से दंडित किया।

## विवेचना में शामिल करें पूरे तथ्य: एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने कोतवाली कर्वी में कोतवाली कर्वी समेत बहिलपुरवा, भरतकूप व महिला थाना के विवेचकों का अर्दली रुम किया। बुधवार को पुलिस अधीक्षक ने अर्दली रुम दौरान विवेचकों की गुण-दोष पर विवेचना निस्तारण को निर्देश दिये। अर्दली रुम दौरान सीओ सिटी राजकमल, कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह, अपराध निरीक्षक राकेश कुमार सिंह, थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह, थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह, महिला थानाध्यक्ष सविता सरोज, चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी, चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी आदि विवेचकों को पुलिस अधीक्षक ने समय से विवेचना कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। कहा कि विवेचना निष्पक्ष की जाये। किसी को बेवजह न फंसाया जाये। विवेचना में पूरे तथ्य शामिल किये जायें, ताकि अदालतों से वास्तविक अपराधी बच न सके।

# कार्यकर्ताओं के सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जा रहा लोस चुनाव: सांसद आरके सिंह पटेल

## विजय संकल्प के साथ बूथ जीतेंगे कार्यकर्ता: बालमुकुन्द शुक्ला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा ने 236 चित्रकूट विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन बतौर मुख्य अतिथि लोस संयोजक/कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुन्द शुक्ल की मौजूदगी व भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुआ।

बुधवार को अमानपुर गांव स्थित वृन्दावन गार्डेन में सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बालमुकुन्द शुक्ल ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता पूर्ण विजय संकल्प के साथ बूथ जीतने को प्रयास करें। ये चुनाव भारत को विश्वगुरू बनाने का चुनाव है। हर कार्यकर्ता अपने बूथों पर आरके पटेल बनकर चुनाव में सक्रिय हों। हर बूथ पर 370 वोट बढाना है। हर बूथ में घर-घर जाकर जन-जन से सम्पर्क करना है। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि नारी शक्ति को सशक्त करने को मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करवाया है। नारी का विकास भारत को विकसित राष्ट्र बनायेगा। भारत मोदी की अगुवाई में लगातार आगे बढ़ रहा है।

सांसद/लोकसभा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने कहा कि वे भी भाजपा के छोटे कार्यकर्ता हैं। ये चुनाव कार्यकर्ताओं के सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। सबके साथ वह भी मोदी के हाथों को मजबूत करने को प्रयासरत हैं। सबके प्रयास से भारत माता के माथे से कलंक टीका धारा 370 हटती है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे बनता है, वन्दे भारत ट्रेन चलती है। पहाड़ी में डिफेंस कॉरिडोर बनने लगता है। राम वन गमन पथ बनता है। श्रीराम जी के जन्मभूमि में भव्य दिव्य मंदिर बनता है। पूर्व सांसद रमेश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि भाजपा की कथनी-करनी में भेद नहीं है।

पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि 1951 से लेकर भाजपा की नीतियों व सिद्धान्तों में कोई बदलाव नही हुआ है। विधानसभा प्रभारी आशुतोष तिवारी



किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते सांसद समेत भाजपाई।

ने कहा कि कार्यकर्ता टोली बनाकर व्यापक जनसंवाद करें। दिव्या त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा डबल इंजन सरकारें महिलाओं के साथ हर समय खड़ी हैं। संचालन करते हुए महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि मोदी का संकल्प है, नारी शक्ति सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, किसान विकास, युवाओं के सपनों को पूरा करना। मोदी का मंत्र है- सबका साथ-सबका विश्वास-सबका प्रयास और सबका विकास।

इस मौके पर भाजपाई दिनेश तिवारी, चन्द्रप्रकाश खरे, राजेश जयसवाल, विपुल प्रताप सिंह, हेमंत सिंह, युधिष्ठिर सिंह, जय प्रकाश पांडे, सुरेश अनुरागी, दिनेश पटेल, आशीष कोल आदि ने विचार रखे। सम्मेलन में विनीता द्विवेदी, सुनीता श्रीवास, अनीता सिंह, अखिलेश रैकवार, शिवाकांत पाण्डेय, अनूप त्रिपाठी, गौरव करवरिया, हीरो मिश्र, राम प्रताप सिंह, रवि गुप्ता, राघव अग्रवाल, श्रवण पटेल, प्रेमलाल बाल्मीकि, अर्चना सिंह, विनीता द्विवेदी, लवलेश निषाद, अंजू वर्मा समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चुनाव में अराजकतत्व न दे सकें दखलंदाजी: डीएम

### सम्मन-वारंट तत्काल करायें तामील: एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में अभियोजन, कानून व्यवस्था व होली बाबत हुई बैठक में शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि अभियुक्तों को सजा दिलाने को मुकदमों में प्रभावी पैरवी करायें। न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों के खिलाफ वारंट जारी करायें, ताकि लोस चुनाव में अराजकतत्व दखलंदाजी न कर सके। बुधवार को कलेक्टेट्रट सभागार में हुई बैठक में डीएम-एसपी ने निर्देश दिये कि जांच अधिकारी संबंधित गवाहों की गवाही करायें, ताकि अपराधियों को सजा दिलाई जा सके। शासकीय अधिवक्ताओ से कहा कि चुनाव आयोग के कडे निर्देश है कि जितने भी लम्बित न्यायालय से जारी सम्मन थानों से तामीला करायें। महिला बाबत मामलों में जल्द कार्यवाही करायें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सम्मन-वारंट चुनाव आयोग ने मांगें हैं। गंभीरता से कार्य करें। चुनाव हनक से होता है, जो असलहे जमा नहीं हुए, उन्हें होली से पहले जमा करायें। जिलाधिकारी ने होली तैयारी बाबत तहसील वार समीक्षा कर कहा कि होलिका दहन स्थलों पर तार लटक रहे हैं, एक्सईएन विद्युत तालमेल से सही करायें। उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि लेखपालों से सर्वे कराकर ऐसे स्थलों का निरीक्षण करें। आयोजकों के नाम सूचीबद्ध करें। जिला आबकारी अधिकारी से तैयारियों की जानकारी लेकर निर्देश दिये कि दबिश देकर शराब बनाने वाले पकड़े। अवैध शराब नहीं बननी चाहिए। चुनाव व होली के मद्देनजर अधिक से अधिक छापामारी करें। हर थाने पर शान्ति समिति की बैठकें हों। अवैध शराब से कोई घटना नहीं होनी चाहिए। बॉर्डर पर 12 चैकियां बनानी है, थानों में सीसीटीवी कैमरा लगवायें। बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नेपाल के सांसद विनोद चौधरी की गिरफ्तारी को स्पीकर की हरी झंडी

**काठमांडू।** नेपाल के प्रतिनिधि सभा के स्पीकर देवराज घिमिरे ने सांसद एवं उद्योगपति विनोद चौधरी को गिरफ्तार करने के केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) के आवेदन पर अपनी स्वीकृति दे दी है। पिछले सात वर्षों से फोर्ब्स पत्रिका के अरबपतियों की सूची में शामिल नेपाल के एकमात्र उद्योगपति एवं सांसद विनोद चौधरी की अब कभी भी गिरफ्तारी हो सकती है। सांसद को गिरफ्तार करने से पहले स्पीकर की अनुमति आवश्यक होती है।

केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने एक केस के सिलसिले में प्रतिनिधि सभा के स्पीकर घिमिरे से चौधरी की गिरफ्तारी की लिखित अनुमति मांगी थी। चौधरी पर सरकारी जमीन हड़प कर निजी व्यवसाय करने का आरोप है। सांसद चौधरी पर नेपाल के सरकारी कंपनी को घाटे में दिखाकर पहले उसे बंद करने के लिए माहौल बनाने और फिर उस जमीन को कौड़ी के भाव में लीज पर लेकर उस पर निजी व्यवसाय करने का आरोप है। इतना ही नहीं उस सरकारी जमीन पर बैंक से करोड़ों रुपये का कर्ज लेने का भी आरोप है। इस मामले में सीआईबी ने पिछले महीने सांसद विनोद चौधरी के भाई अरुण चौधरी को गिरफ्तार किया था। करीब एक हफ्ते तक सीआईबी की हिरासत में रहने के बाद अरुण चौधरी को जिला अदालत काठमांडू ने जमानत पर रिहा किया था। उसी समय से विनोद चौधरी को पूछताछ के लिए सीआईबी लगातार समन भेजती रही लेकिन हर बार वह इससे बचते रहे। सीआईबी के प्रमुख एआईजी श्यामलाल ज्ञवाली ने बताया कि पिछले एक महीने में चार बार विनोद चौधरी को पूछताछ के लिए समन जारी किया जा चुका है लेकिन वो नहीं आए। इसके मद्देनजर उनकी गिरफ्तारी के लिए स्पीकर से अनुमति ली गई है।

विनोद चौधरी के चौधरी ग्रुप के तहत नेपाल और भारत में कई फैक्टरियों का संचालन हो रहा है। इसके अलावा कंस्ट्रक्शन से लेकर होटल तक में उनका निवेश है। दुबई से लेकर अफ्रीका तक में उनका कारोबार फैला हुआ है।

# नेपालः पोखरा विमानस्थल के निर्माण में वित्त मंत्री की भूमिका पर महालेखा परीक्षक ने उठाए सवाल

**काठमांडू।** चीन के ऋण से बनाए गए पोखरा अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल के निर्माण में कई अनियमितताएं होने के खुलासे के अलावा वित्त मंत्री वर्षमान पुन की भूमिका को संदिग्ध बताया गया है। महालेखा परीक्षक द्वारा राष्ट्रपति को सौंपी गई सरकारी खर्चों की ऑडिट रिपोर्ट में वित्त मंत्री की भूमिका की अलग से जांच किए जाने की सिफारिश की गई है।

महालेखा परीक्षक द्वारा पोखरा विमानस्थल के निर्माण को लेकर की गई ऑडिट रिपोर्ट में माओवादी नेता तथा वित्त मंत्री वर्षमान पुन पर आर्थिक अनियमितता करने के अलावा बिना किसी अध्ययन के ही पोखरा में विमानस्थल के निर्माण को मंजूरी दिए जाने का मामला भी उठाया गया है।

इतना ही नहीं, इस रिपोर्ट में पोखरा विमानस्थल के डिजाइन में ही कई कमियों को उजागर किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पोखरा में अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल की आवश्यकता नहीं होने के बावजूद वहां विमानस्थल को मंजूरी देना अपने आप में भ्रष्टाचार है। तत्कालीन वित्त मंत्री वर्षमान पुन जो कि इस समय भी प्रचण्ड सरकार में वित्त मंत्री हैं, उन्होंने चीन के ठेकेदारों को कई मायनों में फायदा पहुंचाया है।

ऑडिटर जनरल की वार्षिक रिपोर्ट में वर्षमान पुन पर विमानस्थल निर्माण करने वाली चीन की कंपनी को 2 अरब रुपये से अधिक की टैक्स छूट देने को भी भ्रष्टाचार की श्रेणी में रखते हुए इसकी जांच की सिफारिश की गई है। इसके अलावा पुन पर नेपाल के प्रचलित कानून और विधि प्रक्रिया को अनदेखा करते हुए चाइना एरो इंजीनियरिंग कंपनी को ठेका देने में संदिग्ध भूमिका की जांच की सिफारिश की गई है।

## नेपाल-भारत अंतरराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन 27 से 29 मार्च तक काठमांडू में

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में तीन दिवसीय नेपाल-भारत अंतरराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन का आगाज 27 मार्च को होगा। इसमें दोनों देशों के चार दर्जन से अधिक विद्वानों के हिस्सा लेने की संभावना है। नीति अनुसंधान प्रतिष्ठान नेपाल के इस आयोजन में भारत के केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय और इंडिया फाउंडेशन का सहयोग प्राप्त है।

सम्मेलन के संयोजक डॉ. प्रेमराज न्यौपाने ने यह जानकारी पत्रकार सम्मेलन में दी। न्यौपाने ने बताया कि इस सम्मेलन में भारत के कई विश्वविद्यालयों के उपकुलपति हिस्सा लेंगे। नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय के सह प्राध्यापक रहे डॉ. न्यौपाने ने कहा कि नेपाल से करीब तीन दर्जन और भारत से 40 से अधिक विशेषज्ञों की उपस्थिति रहेगी। उन्होंने कहा कि संस्कृत हमारी अपनी और पहली भाषा है। इसको लेकर जितना कार्य किया जाना चाहिए वह अब तक नहीं हुआ है। संस्कत को जन-जन की भाषा बनाने की जरूरत है।

नीति अनुसंधान प्रतिष्ठान के निदेशक डॉ. दीपक अधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम को हमने एक अभियान के रूप में लिया है। संस्कृत भाषा को प्राथमिक स्तर से विश्वविद्यालय स्तर तक कैसे जोड़ा जाए, इसको लेकर जनजागरण बहुत ही आवश्यक है। डा अधिकारी ने कहा कि सिर्फ सरकार पर निर्भर रह कर संस्कृत का विकास और विस्तार संभव नहीं है।

काठमांडू के पार्क विलेज रिसोर्ट में होने वाले इस सम्मेलन में नेपाल के संस्कृत विश्वविद्यालय, त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू विश्वविद्यालय, पूर्वांचल विश्वविद्यालय तथा पोखरा विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों की सहभागिता रहेगी। भारत के केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय सहित कई अन्य विश्वविद्यालयों के उपकुलपति तथा भाषा विशेषज्ञों की उपस्थिति रहने वाली है।

## भ्रष्टाचार के आरोप में आईएसआई के पूर्व प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद के भाई गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान में भ्रष्टाचार के आरोप में आईएसआई के पूर्व प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद के भाई को पंजाब प्रांत से गिरफ्तार किया गया। भ्रष्टाचार रोधी अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

हामिद के भाई की गिरफ्तारी को पाकिस्तान की नई सरकार की बदला लेने वाली कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है। नई सरकार ने इमरान खान के नेतृत्व वाली सरकार में शरीफ परिवार को निशाना बनाने वालों अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोला है। भ्रष्टाचार रोधी इकाई (एसीई) के एक प्रवक्ता ने बताया, आईएसआई के पूर्व प्रमुख फैज हामिद के भाई और राजस्व अधिकारी नजफ हामिद को भ्रष्टाचार व अधिकारों के दुरुपयोग के आरोप में सोमवार को चकवाल से गिरफ्तार किया गया ।ह्व प्रवक्ता ने बताया कि संदिग्ध को रिमांड पर लेने के लिए मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा। हामिद चकवाल का रहने वाला है। हामिद की गिरफ्तारी को 2017 में नवाज शरीफ को सत्ता से बेदखल करने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की कार्रवाई बताया जा रहा है।

पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने ह्यशरीफ परिवार के खिलाफ फर्जी मामले दर्ज करने के अपराध के लिएह्व पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा, फैज हामिद और पाकिस्तान के पूर्व प्रधान न्यायाधीश साकिब निसार को जेल में डालने को बात को मुखरता से उठाया था।

## टेक्सास के सुप्रीम कोर्ट ने अमेरिका-मेक्सिको सीमापार करने वाले प्रवासियों को गिरफ्तार करने वाले कानून पर रोक लगाई

**मैक्लेन (टेक्सास)।** टेक्सास के सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक मुकदमे की सुनवाई के दौरान अमेरिका-मेक्सिको सीमापार करने वाले प्रवासियों को गिरफ्तार करने वाले कानून पर रोक लगा दी है। जस्टिस सैमुअल अलिटो ने इस मुकदमे की सुनवाई की। उन्होंने इस कानून पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस कानून के भविष्य पर जल्द फैसला लिया जाएगा। इस आदेश के बाद अवैध रूप से अमेरिका-मेक्सिको सीमापार करने वाले प्रवासियों को गिरफ्तार करने की टेक्सास की योजना को योजना को तगड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट आप्रवासन पर रिपब्लिकन गवर्नर ग्रेग एबॉट के ताजा कदम को चुनौती मान रहा है।

देश की सबसे बड़ी अदालत ने न्याय विभाग के नेतृत्व में एक मुकदमे पर इस कानून पर प्रतिबंध लगाया है। इसमें तर्क दिया गया है कि टेक्सास संघीय सरकार आव्रजन प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र से आगे निकल रही है। मौजूदा कानून के तहत टेक्सास में कोई भी पुलिस अधिकारी अवैध प्रवेश करने वाले प्रवासियों को गिरफ्तार कर सकता है और एक न्यायाधीश उन्हें अमेरिका छोड़ने का आदेश दे सकता है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक से मिलने पहुंचे



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलने के लिए अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा सोमवार को अचानक 10 डाउनिंग स्ट्रीट पहुंच गए। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं ने पहली बार मुलाकात की।

प्रधानमंत्री सुनक के कार्यालय 10 डाउनिंग स्ट्रीट ने बयान जारी कर बताया कि दोनों नेताओं ने अनौपचारिक बातचीत के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) समेत कई मुद्दों पर बातचीत की। डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री सुनक ने सोमवार की दोपहर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा का 10 डाउनिंग स्ट्रीट में अनौपचारिक बैठक के लिए स्वागत किया।

प्रवक्ता ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति अपने फाउंडेशन के काम से लंदन आए थे और उन्होंने प्रधानमंत्री सुनक के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मामलों और एआई समेत कई मुद्दों पर बातचीत की। तकरीबन एक घंटे तक रुकने के बाद पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ब्रिटेन में अमेरिका के राजदूत जेन हार्टले के साथ बाहर निकले। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ओबामा आखिरी बार अप्रैल 2016 में तत्कालीन प्रधानमंत्री और अब विदेश मंत्री डेविड कैमरून से मुलाकात करने के लिए 10 डाउनिंग स्ट्रीट आए थे।

## अमेरिका के बोस्टन में भारतीय छात्र की मौत

**न्यूयार्क।** अमेरिका के बोस्टन में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई। इस वर्ष अब तक अमेरिका में कम से कम छह भारतीय छात्रों की मौत हो चुकी है। अमेरिका में हमलों की संख्या में बढ़ोतरी से वहां पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों के माता-पिता चिंतित हैं। न्यूयार्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा कि बोस्टन में भारतीय छात्र अभिजीत पारूचुरू के निधन की खबर जानकर गहरा दुख हुआ। दूतावास ने बताया कि पारूचुरू के परिजन अमेरिका के कनेक्टिकट प्रांत में रहते हैं और जांच अधिकारियों से सीधे संपर्क में हैं। शुरूआती जांच में साजिश से इनकार किया गया है। उसने पार्थिव शरीर के दस्तावेजीकरण और भारत ले जाने में सहायता प्रदान की। इसके साथ ही वह मामले में स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में है। सूत्रों के अनुसार, 20 वर्षीय पारूचुरू का अंतिम संस्कार उनके गृहनगर आंध्र प्रदेश के तेनाली में किया जा चुका है। अमेरिका की गैर लाभकारी संगठन 'टीम एड' ने छात्र के पार्थिव शरीर को भारत ले जाने में मदद की थी।

# नेपाल में विपक्षी दल संसद न चलने देने पर अडिग, गृहमंत्री रवि लामिछाने इस्तीफा देने की मांग

काठमांडू। विवादों से घिरे नेपाल के गृहमंत्री रवि लामिछाने को लेकरनेपाल की संसद में तीन दिन से गतिरोध बना हुआ है। प्रमुख विपक्षी दल ने संसद नहीं चलने देने तक की चेतावनी दी है।

नेपाली कांग्रेस के महामंत्री गगन थापा ने कहा है कि गृहमंत्री लामिछाने पर सहकारी बैंक से नियम विपरीत कर्ज लेने का प्रमाण सार्वजनिक हो गया है। इसलिए उन्हें गृहमंत्री के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्हें तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया जाए या फिर संयुक्त संसदीय जांच समिति का गठन किया जाए।नेपाली कांग्रेस के प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने बुधवार को कहा कि जब तक न्यायिक आयोग या संयुक्त संसदीय जांच समिति का गठन नहीं होता तब तक सदन को नहीं चलने दिया जाएगा। इससे पहले स्पीकर ने सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक में विपक्ष के तेवर पूर्ववत रहे। हालांकि सत्तापक्ष के नेता रवि लामिछाने की बचाव करते दिखे।

मंगलवार को प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने संसद में बयान दिया। उन्होंने कहा कि रवि लामिछाने के खिलाफ पुलिस एफआईआर के अलावा और कोई प्रमाण नहीं है। इसलिए उनके इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता है। उन्होंने कहा कि पुलिस जांच कर रही है। सत्तारूढ़ गठबन्धन के सबसे बड़े दल नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने भी लामिछाने का बचाव किया है।

# नवाज शरीफ के दो बेटों को अदालत ने भ्रष्टाचार के तीन मामलों में बरी किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ के दो बेटों को भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने मंगलवार को भ्रष्टाचार के तीन मामलों में बरी कर दिया। इसी के साथ पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार के सामने आने वाली कानूनी परेशानियां लगभग समाप्त हो गई हैं।

हसन और हुसैन नवाज को 2018 में पनामा पेपर्स लीक से संबंधित एवेनफील्ड, फ्लैगशिप और अल-अजीजिया भ्रष्टाचार मामलों में आरोपी बनाया गया था। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा 2018 में दायर एवेनफील्ड अपार्टमेंट, अल-अजीजिया और फ्लैगशिप इन्वेस्टमेंट मामलों की जांच में शामिल होने में विफल होने के कारण दोनों भाइयों को अपराधी घोषित कर दिया गया था।

हालांकि, उनके विदेश में होने की वजह से मामले की सुनवाई नहीं हो पाई। मामले में मुख्य आरोपी उनके पिता नवाज शरीफ को एवेनफिल्ड और अल-अजीजिया



भ्रष्टाचार मामलों में दोषी ठहराया गया था, लेकिन फ्लैगशिप मामले में बरी कर दिया गया था।

तीन बार के प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष नवाज शरीफ लगभग चार साल के स्व-निर्वासन के बाद पिछले साल अक्टूबर में लंदन से पाकिस्तान लौटे । उन्होंने दो मामलों में अपनी दोषसिद्धि को चुनौती दी और इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने उन्हें बरी कर दिया। इससे उनके बेटों को आरोपों का सामना करने के लिए लंदन से लौटने का साहस मिला।अदालत द्वारा उन्हें भगोड़ा घोषित करने पर 14 मार्च तक रोक के बाद दोनों 12 मार्च को स्वदेश लौटे। अंततः अदालत के सामने पेश होने पर उन्हें जमानत मिल गई।

जवाबदेही अदालत ने मंगलवार को बरी करने की याचिका पर सुनवाई की। न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने मामले की सुनवाई के बाद तीनों मामलों में दोनों को बरी कर दिया।

# रफाह में इजराइली हवाई हमले में तीन महिला समेत 14 की जान गई, गाजा में 50 बंदूकधारियों की मौत

**यरुशलम।** फलस्तीन के रफाह शहर में सोमवार रात इजराइली बलों के हमले में 14 लोगों की मौत हो गई है। शरणार्थियों से भरे रफाह में इस हमले से अफरा तफरी मच गई। वहीं, मंगलवार को इजराइली बल ने बताया कि सोमवार को गाजा के सबसे बड़े अस्पताल अल-शिफा में की गई कार्रवाई में इजराइल ने 50 बंदूकधारी मार गिराए और 180 संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है।

इधर, अमेरिका ने जानकारी दी कि सात अक्टूबर की योजना बनाने वाला हमास का नंबर तीन कमांडर मारवान इस्सा पिछले हफ्ते इजराइल द्वारा मार गिराया गया। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा है कि रफाह में सोमवार रात मरने वाले 14 लोगों में तीन महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं।

गाजा सिटी और दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में इजराइली हमलों से जान बचाकर 10 लाख से अधिक लोग इन दिनों रफाह शहर में शरण लिए हुए हैं। मिस्त्र की सीमा से सटे रफाह शहर में जमीनी हमले की योजना को लेकर अमेरिका ने इजराइल से पुनर्विचार का आग्रह किया है। अगर यहां इजराइली हमले तेज हुए तो मानवीय मदद पहुंचानी मुश्किल हो जाएगी। रफाह सीमा से ही गाजावासियों को राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर टर्क ने मंगलवार को कहा कि गाजा में इजराइल द्वारा मानवीय मदद पर प्रतिबंध लगाना युद्ध अपराध होगा। इजराइल का कहना है कि हमास



की चार राइफल की बटालियन और राकेट बनाने वाले लड़ाकों की फौज रफाह में ही है। हमास के इस अंतिम किले को नष्ट कर ही हमास पर पूर्ण नियंत्रण किया जा सकता है। लेकिन हमास की इस योजना ने पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय को डरा दिया है क्योंकि ऐसा हुआ तो बड़ी संख्या में गाजा के लोग बेमौत मारे जाएंगे।

इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने बताया कि कई हत्या व सात अक्टूबर के हमास हमले की योजना बनाने वाला हमास कमांडर मरवान इस्सा को पिछले हफ्ते इजराइल ने मार गिराया था। वह फिर से घुसपैठ की कोशिश करने की तैयारी में जुटा था। वहीं, इजराइल ने मंगलवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क में हिजबुल्ला के कई ठिकानों को मिसाइल से निशाना बनाया है। दूसरी ओर, सीरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने कई मिसाइलों को मार गिराया है।

इजराइल में युद्धविराम और बदले में बंधकों की रिहाई को लेकर ताजा दौर की वार्ता शुरू हो गई है। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोहा में इजराइल के खुफिया प्रमुख के साथ युद्धविराम की कोशिश के उद्देश्य से बातचीत के बाद कतर के अधिकारी आशावादी थे। लेकिन रफाह में अगर जमीनी कार्रवाई शुरू हुई तो यह वार्ता को अवरुद्ध कर देगी।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने संवादाताओं से सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच फोन पर बात होने की जानकारी दी। कहा, इजराइल से रफाह में जमीनी कार्रवाई का विकल्प तलाशने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि इजराइली प्रतिनिधिमंडल जल्द ही अमेरिका में बातचीत के लिए आएंगे। इजराइली हमले में अब तक 31,819 फलस्तीनियों की जान गई है।